# खेल–जगत

## क्रिकेट

1. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॉन्सिल के पहले एशियाई अध्यक्ष कौन हुए?
   (A) मजीद खान  (B) दिलीप मेंडिस
   (C) जगमोहन डालमिया  (D) नवाब पटौदी
   **R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C) 'मुख्य' परीक्षा, 2010**

उत्तर–(C)

व्याख्या–'अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद' (ICC) के प्रथम एशियाई अध्यक्ष भारत के **जगमोहन डालमिया** थे। इनका कार्यकाल वर्ष **1997** से **2000** तक था। सत्र **2010-12** के लिए भारत के **शरद पवार** आईसीसी के अध्यक्ष रहे थे। वर्तमान में न्यूजीलैंड के **एलन इसाक** आईसीसी के अध्यक्ष हैं।

2. IPL टीम 'कोलकाता नाईट राइडर्स' के मालिक कौन हैं?
   (A) सौरव गांगुली  (B) प्रीति जिन्टा
   (C) विजय माल्या  (D) शाहरूख खान
   **R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010**

उत्तर–(D)

व्याख्या–रेड चिलीज इंटरटेनमेंट कम्पनी के मालिक बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान और उनके साझीदार मेहता ग्रुप के जय मेहता और जूही चावला हैं।

3. क्रिकेट से संबंधित 'क्राइस्ट चर्च स्टेडियम' किस देश में है?
   (A) इंग्लैंड  (B) ऑस्ट्रेलिया
   (C) न्यूजीलैण्ड  (D) वेस्टइंडीज
   **R.R.B. कोलकाता (G.G./E.C.R.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012**

उत्तर–(C)

व्याख्या–लैंकेस्टर पार्क (Lancaster Park) जिसे वर्तमान में AMI स्टेडियम के नाम से जाना जाता है, न्यूजीलैंड के क्राइस्ट चर्च (Christ Church) शहर में स्थित है। अतः इसे आम भाषा में 'क्राइस्ट चर्च स्टेडियम' भी कहा जाता है।

4. विजडन ने 'सदी के चैम्पियन' की उपाधि निम्न को दी—
   (A) सर डॉन ब्रेडमैन  (B) मार्क्स स्पिट्ज
   (C) पेले  (D) कपिल देव
   **R.R.B. भोपाल, (Tr. Clerk) परीक्षा, 2003**

उत्तर–(D)

व्याख्या–विजडन ने 20वीं शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी का सम्मान कपिल देव को प्रदान किया। इन्होंने 19 वर्ष की उम्र में पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट जीवन की शुरुआत की थी। कपिल देव ने 131 टेस्ट मैचों में 434 विकेट तथा 225 एकदिवसीय मैचों में 253 विकेट प्राप्त किए हैं।

5. वह खिलाड़ी जो तीन बार विश्व कप क्रिकेट के लिए अपने देश की टीम का कप्तान रहा और दो बार इनमें विजयी रहा–
   (A) स्टीव वॉ  (B) क्लाइव लॉयड
   (C) विवियन रिचर्ड  (D) गॉर फिल्ड सोबर्स
   **R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002**

उत्तर–(B)

व्याख्या– क्लाइव लॉयड 1975, 1979 तथा 1983 के विश्व कप में वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान थे। इन्होंने 1975 तथा 1979 का विश्व कप जीता था।

6. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी–
   (A) सन्ध्या अग्रवाल  (B) झूलन गोस्वामी
   (C) डायना एडूल्जी  (D) मिताली राज
   (E) इनमें से कोई नहीं
   **R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002**

उत्तर–(D)

व्याख्या– भारत की मिताली राज ने इंग्लैण्ड के विरुद्ध सर्वप्रथम 214 रन बनाकर विश्व महिला क्रिकेट का सर्वाधिक स्कोर बनाया।

7. इस वर्ष क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन कहां किया गया है?
   (A) इंग्लैण्ड  (B) न्यूजीलैण्ड
   (C) दक्षिण अफ्रीका  (D) दक्षिण कोरिया
   **R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

उत्तर–(C)

व्याख्या– आठवें विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी वर्ष 2003 में दक्षिण अफ्रीका को सौंपी गयी थी। 'नवां विश्व कप क्रिकेट' 2007 में वेस्टइंडीज में सम्पन्न हुआ। 10वां विश्व कप बांग्लादेश, भारत और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। ग्यारहवां विश्व कप न्यूजीलैंड एवं आस्ट्रेलिया में 2015 में संपन्न होगा।

8. विश्व कप 2003 (क्रिकेट) में कितने देशों ने भाग लिया था?
   (A) 16  (B) 15
   (C) 13  (D) 14
   **R.R.B. भोपाल (T.C.) परीक्षा, 2005**

उत्तर–(D)

व्याख्या– विश्व कप (क्रिकेट) 2003 में 14 देशों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। संख्या की दृष्टि से 2011 के विश्व कप में भी टीमों की संख्या 14 ही थी।

9. विश्व कप क्रिकेट, 2003 में किस देश ने विपक्षी दल को सबसे कम रन पर आउट करने का रिकॉर्ड बनाया है?
   (A) श्रीलंका  (B) ऑस्ट्रेलिया
   (C) वेस्टइंडीज  (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
   **R.R.B. मुजफ्फरपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

उत्तर–(A)

व्याख्या– आठवें विश्व कप में श्रीलंका के विरुद्ध खेलते हुए कनाडा की पूरी टीम कुल 36 रन बनाकर आउट हुई। एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट करने का रिकॉर्ड भी श्रीलंका के पास ही है जिसने जिम्बाब्वे को 35 रन पर आउट किया था।

10. विश्व कप, 2003 में किस खिलाड़ी ने सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया?
   (A) ब्रायन लारा  (B) सचिन तेंदुलकर
   (C) रिकी पोंटिंग  (D) जॉन डेविसन
   **R.R.B. मुजफ्फरपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

उत्तर–(D)

व्याख्या– आठवें विश्व कप में वेस्टइंडीज के विरुद्ध खेलते हुए कनाडा के जॉन डेविसन ने केवल 67 गेंदों पर शतक बनाया। 2011 के विश्व कप में केवीन ओब्रायन (आयरलैंड) द्वारा बनाया गया 50 गेंदों पर शतक विश्व कप का तीव्रतम शतक है।

**11. 2007 के विश्व कप क्रिकेट की एक पारी में 400 से अधिक रन बनाने वाला देश कौन है?**

(A) भारत (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) द. अफ्रीका (D) वेस्टइंडीज

**R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007**

उत्तर–(A)

व्याख्या– भारत ने अंतिम ग्रुप में बरमुडा के विरुद्ध 413 रन का विशाल स्कोर बनाया जो कि अब तक के सभी विश्व कपों में किसी एक पारी की विशालतम रन संख्या है।

**12. विश्व कप 2011 का फाइनल कहाँ खेला जाएगा?**

(A) ढाका (B) कोलम्बो
(C) कोलकाता (D) मुंबई

**R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007**

उत्तर–(D)

व्याख्या– विश्व कप 2011 का फाइनल मुंबई में खेला गया जिसमें भारत ने श्रीलंका को हराकर विश्व कप जीता।

**13. अगला विश्व कप क्रिकेट कहां आयोजित किया जाएगा?**

(A) भारत (B) वेस्टइंडीज
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) इंग्लैण्ड

**R.R.B. मुम्बई (E.S.M.) परीक्षा, 2004**

उत्तर–(B)

व्याख्या– अगला विश्व कप क्रिकेट सन् 2007 में वेस्टइंडीज में आयोजित किया गया। यह क्रिकेट का नौवां विश्व कप था। वेस्टइंडीज को विश्व कप क्रिकेट की मेजबानी का मौका पहली बार मिला था। ग्यारहवां विश्व कप 2015 में ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड में खेला जाएगा।

**14. दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट खिलाड़ी, जिसे वर्ल्ड कप 1999 के मैन आफ द वर्ल्ड कप घोषित किया गया था-**

(A) लांस क्लूजनर (B) शेन वार्न
(C) स्टीव वॉ (D) ग्लेन मैकग्राथ

**R.R.B. भोपाल परीक्षा, 2001**

उत्तर–(A)

व्याख्या– दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला क्रिकेट खिलाड़ी लांस क्लूजनर को 1999 के क्रिकेट वर्ल्ड कप में **'मैन आफ दि वर्ल्ड कप'** घोषित किया गया। 2011 के क्रिकेट वर्ल्ड कप में मैंन आफ दि वर्ल्ड कप युवराज सिंह को घोषित किया गया।

**15. प्रथम क्रिकेट विश्व कप किसने जीता था ?**

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) भारत
(C) इंग्लैंड (D) वेस्टइंडीज

**R.R.B.कोलकाता (T.C.) परीक्षा, 2006**

उत्तर–(D)

व्याख्या– प्रथम क्रिकेट विश्व कप जून, 1975 में खेला गया था, जिसे प्रूडेंशियल कप (Prudential Cup) के नाम से भी जाना जाता है। इस विश्व कप को वेस्टइंडीज ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीत लिया था। ध्यातव्य है उस समय एक दिनी मैच (वन डे) 60 ओवरों के खेले जाते थे।

**16. किस देश ने कभी भी क्रिकेट विश्व कप नहीं जीता है ?**

(A) भारत (B) पाकिस्तान
(C) श्रीलंका (D) इंग्लैण्ड

**R.R.B.कोलकाता (T.C.) परीक्षा, 2006**

उत्तर–(D)

व्याख्या– 7 जून, 1975 को लॉर्ड्स में भारत व इंग्लैण्ड के बीच मैच के साथ सीमित ओवरों के विश्व कप क्रिकेट की शुरुआत हुई। विश्व कप क्रिकेट एक दिनी (वन डे) मैचों का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है तथा यह प्रत्येक 4 वर्ष के पश्चात आयोजित किया जाता है। अब तक 10 बार विश्व कप क्रिकेट का आयोजन किया जा चुका है। इसमें सर्वाधिक चार बार ऑस्ट्रेलिया ने (1987, 1999, 2003, 2007), दो बार वेस्टइंडीज ने (1975, 1979), तथा भारत (1983), (2011) एक-एक बार पाकिस्तान (1992) एवं श्रीलंका (1996) ने जीता है। इंग्लैण्ड तीन बार फाइनल में पहुंचकर भी एक बार भी विश्व कप नहीं जीत सका है।

**17. पिछले तीन विश्व कप क्रिकेट के विजेता हैं-**

(A) पाकिस्तान (B) भारत
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) श्रीलंका

**R.R.B. इलाहाबाद (T.C.) परीक्षा, 2009**
**R.R.B. भोपाल परीक्षा, 2001**

उत्तर–(C)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. महिला विश्व कप क्रिकेट 2005 का विजेता देश है-**

(A) न्यूजीलैण्ड (B) साउथ अफ्रीका
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) भारत

**R.R.B.रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2005**

उत्तर–(C)

व्याख्या– महिला विश्व कप क्रिकेट का शुभारम्भ 1973 में हुआ था, जिसमें इंग्लैण्ड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर प्रथम महिला विश्व कप जीत लिया था। अब तक कुल 10 बार महिला विश्व कप क्रिकेट का आयोजन हो चुका है। 8वां विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में मार्च से अप्रैल, 2005 के मध्य सम्पन्न हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में भारत को 98 रनों से हराकर यह प्रतियोगिता जीत ली।इस विश्व कप में भारतीय महिला टीम की कप्तानी मिताली राज ने की थी। गौरतलब है कि 10 बार खेले गये फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 8 बार भाग लिया जिनमें उसे 6 बार जीत तथा 2 बार हार मिली। वर्ष 2013 का विश्व कप भारत में सम्पन्न हुआ था, जिसका खिताब ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में वेस्टइंडीज को 114 रनों से पराजित कर जीत लिया।

**19. महिला विश्व कप क्रिकेट 2005 में भारतीय टीम की कप्तानी किसने की थी ?**

(A) अंजू जैन (B) आरती शर्मा
(C) मिताली राज (D) सुनीता राव

**R.R.B.रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2005**

उत्तर–(C)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

20. टेस्ट मैचों में सबसे अधिक कैच (Catch) पकड़ने वाले खिलाड़ी हैं-
(A) सुनील गावस्कर (B) ब्रायन लारा
(C) मार्क वॉ (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(C)

व्याख्या- प्रश्नानुसार क्रिकेट टेस्ट मैचों में सर्वाधिक 181 कैच लपकने का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी मार्क वॉ के नाम है। वर्तमान में यह रिकॉर्ड भारत के राहुल द्रविड़ के नाम है जिन्होंने 210 कैच पकड़े हैं।

21. निम्नलिखित में से किसने एक टेस्ट मैच के एक पारी में चार शतक लगाया?
(A) क्लाइव लायड (B) ब्रायन लारा
(C) मैथ्यू हेडेन (D) एडम गिलक्रिस्ट
R.R.B. सिकन्दराबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(B)

व्याख्या- ब्रायन लारा ने 2004 में इंग्लैण्ड के खिलाफ एंटीगुआ में 400 रन की अविजित पारी खेली जो किसी भी टेस्ट की एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत रिकॉर्ड है।

22. किस क्रिकेट खिलाड़ी को 'रावलपिण्डी एक्सप्रेस' कहा जाता है?
(A) शोएब अख्तर (B) इमरान खान
(C) वसीम अकरम (D) सकलेन मुश्ताक
R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(A)

व्याख्या- पाकिस्तान के चर्चित तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को **'रावलपिण्डी एक्सप्रेस'** के नाम से जाना जाता है। पाकिस्तान के रावलपिण्डी शहर में रहने वाले शोएब अख्तर को उनकी तेज रफ्तार की गेंदबाजी के कारण यह उपनाम दिया गया है।

23. अंततम वर्ष में रणजी ट्रॉफी क्रिकेट चैम्पियनशिप जीतने वाली टीम कौन सी थी?
(A) मुंबई (B) दिल्ली
(C) रेलवे (D) कर्नाटक
R.R.B. चेन्नई (T.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(A)

व्याख्या- रणजी ट्रॉफी भारत में स्थापित प्रथम घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता है जो भारतीय क्रिकेट के सबसे पुराने खिलाड़ी रणजीत सिंह के नाम पर स्थापित की गई है। प्रश्नानुसार अंततम वर्ष में रणजी ट्रॉफी चैम्पियनशिप मुंबई की टीम ने जीती। रणजी ट्रॉफी 2013-14 का खिताब कर्नाटक ने महाराष्ट्र को पराजित कर जीता है।

24. दिल्ली ने फरवरी, 2008 में किसे हराकर सातवीं बार रणजी ट्रॉफी जीती?
(A) भारतीय रेल (B) हरियाणा
(C) महाराष्ट्र (D) उत्तर प्रदेश
R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(D)

व्याख्या-दिल्ली ने फरवरी, 2008 में उत्तर प्रदेश को पराजित कर रणजी ट्रॉफी 2007-08 का खिताब जीता था।

25. चैम्पियन्स ट्रॉफी किस खेल से सम्बद्ध है?
(A) क्रिकेट (B) हॉकी
(C) फुटबाल (D) टेनिस
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(A, B)

व्याख्या- इस प्रश्न में दिए गये विकल्पों में दो विकल्प सही हैं क्योंकि **'चैम्पियन्स ट्रॉफी'** हाकी तथा क्रिकेट दोनों खेलों से सम्बद्ध है। लॉन टेनिस से चैम्पियन्स कप तथा फुटबाल से फीफा कप सम्बन्धित हैं।

26. मार्च 2001 में एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10000 से अधिक रन बनाने वाला विश्व का पहला खिलाड़ी बल्लेबाज कौन बना?
(A) सईद अनवर (B) ब्रायन लारा
(C) सचिन तेंदुलकर (D) मार्क वॉ
R.R.B. सिकन्दराबाद (G.G.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(C)

व्याख्या- मार्च 2001 में भारत के मास्टर ब्लास्टर सचिन तेन्दुलकर ने एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक 10000 रन बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया था। वर्तमान में संन्यास के बाद इनके रनों की संख्या 18426 है, जो अब भी एक रिकॉर्ड है।

27. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष हैं-
(A) रणजीत सिंह (B) ज्योफ्री बॉयकाट
(C) जगमोहन डालमिया (D) एहसान मनि
R.R.B. बंग्लौर (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(D)

व्याख्या- प्रश्नानुसार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (I.C.C.) के अध्यक्ष पाकिस्तान के एहसान मनी थे। वर्तमान में इसके अध्यक्ष न्यूजीलैंड के श्री एलन इसाक हैं। आई.सी.सी. विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था है। इसका मुख्यालय लॉर्ड्स (इंग्लैण्ड) से स्थानान्तरित करके दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) कर दिया गया है।

28. इंटरनेशनल क्रिकेट कौंसिल (ICC) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(A) जिम्बाब्वे (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) दक्षिण अफ्रीका (D) इंग्लैण्ड
R.R.B. भोपाल परीक्षा, 2001

उत्तर-(D)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

29. आई.सी.सी. वर्ल्ड कप, 2003 में खेलने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम नीचे दिये गये हैं। एक खिलाड़ी अन्य से किसी मायने में भिन्न है। भिन्न खिलाड़ी को चुनिए-
(A) नासिर हुसैन (B) वकार यूनूस
(C) खालिद मसूद (D) शोएब अख्तर
R.R.B. मुजफ्फरपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2003

उत्तर-(D)

व्याख्या- अन्य सभी कप्तान थे जबकि शोएब अख्तर पाकिस्तान के खिलाड़ी थे।

30. BCCI चयन समिति के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) वेंगसरकर (B) के. श्रीकांत
(C) किरण मोरे (D) गावस्कर
R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(B)

व्याख्या–भूतपूर्व भारतीय कप्तान कृष्णमचारी श्रीकांत का चयन सितंबर, 2008 में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष पद पर किया गया था। वर्तमान में समिति के अध्यक्ष संदीप पाटिल हैं।

**31. वर्ष 2004 के अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी घोषित किए गए-**

(A) राहुल द्रविड़ (B) इरफान पठान
(C) हरभजन सिंह (D) वीरेन्द्र सहवाग

**R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–** भारत के मध्यम तेज गेंदबाज इरफान पठान को 2004 में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी, आई.सी.सी. द्वारा घोषित किया गया। आई.सी.सी. ने भारतीय टीम के उपकप्तान राहुल द्रविड़ को वर्ष 2004 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। **चेतेश्वर पुजारा** (भारत) को 2013 के लिए उदीयमान खिलाड़ी घोषित किया गया है।

**32. आई.सी.सी. ने किस खिलाड़ी को एक दिवसीय खिलाड़ी घोषित किया ?**

(A) जैक कैलिस (B) केविन पीटर्सन
(C) एम.एस. धोनी (D) एंड्रयू फ्लिंटॉफ

**R.R.B.रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–** वर्ष 2005 में आई. सी. सी. के द्वारा इंग्लैण्ड के केविन पीटरसन को वर्ष का एक दिवसीय खिलाड़ी (One day player of the year) घोषित किया गया था। वर्ष 2013 में कुमार संगकारा को यह पुरस्कार प्रदान किया गया ।

**33. निम्न में से किस देश को 2005 में आई.सी.सी. द्वारा 'द स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड प्रदान' किया गया था ?**

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) दक्षिण अफ्रीका
(C) भारत (D) इंग्लैण्ड

**R.R.B.रांची (C.C./T.C./J.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** वर्ष 2004 में आई. सी. सी. के द्वारा उद्घाटित पुरस्कारों में से एक पुरस्कार 'द स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड' (The Spirit of Cricket Award) प्रथम बार न्यूजीलैण्ड टीम को, तत्पश्चात वर्ष 2005, 2006 में इंग्लैण्ड को, 2007, 2008 में श्रीलंका को तथा 2009, 2010 में न्यूजीलैंड को प्रदान किया गया है। वर्ष 2013 का स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड महेला जयवर्द्धने (श्रीलंका) को प्रदान किया गया।

**34. आई.सी.सी.वर्ल्ड ट्वेन्टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी कौन थे?**

(A) युवराज सिंह (B) मिस्बाह–उल–हक
(C) सनथ जयसूर्या (D) रिकी पोटिंग

**R.R.B. कोलकाता (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–** युवराज सिंह ने इंग्लैंड के विरुद्ध ट्वेन्टी–20 मैच में **क्रिस ब्रॉड** (Chris Broad) के एक ओवर की सभी गेंदों पर छक्के लगाकर ओवर में सर्वाधिक 36 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। यह मैच डरबन में 19 सितम्बर, 2007 को खेला गया था।

**35. आई.सी.सी. वर्ल्ड ट्वेन्टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट, 2007 का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब किसे दिया गया?**

(A) युवराज सिंह (B) मिस्बाह–उल–हक
(C) शाहिद अफरीदी (D) सनथ जयसूर्या

**R.R.B. कोलकाता (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** सितम्बर, 2007 में सम्पन्न ट्वेंटी–20 विश्व कप का फाइनल भारत ने पाकिस्तान को पराजित कर जीत लिया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पाकिस्तान के शाहिद अफ़रीदी को चुना गया। वर्ष 2014 में बांग्लादेश में संपन्न ट्वेंटी–20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के लिए भारत के विराट कोहली को चुना गया।

**36. वर्ष 2006 की आई.सी.सी. महिला क्रिकेट खिलाड़ी कौन थी?**

(A) मिताली राज (B) झूलन गोस्वामी
(C) अन्जुम चोपड़ा (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. कोलकाता (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** वर्ष 2006 की आई.सी.सी. (ICC) महिला क्रिकेट खिलाड़ी का पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया की कैरेन राल्टन (Karen Rolton) को दिया गया था। भारत की झूलन गोस्वामी 2007 की महिला क्रिकेट खिलाड़ी पुरस्कार विजेता हैं। वर्ष 2013 में यह पुरस्कार न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स टेलर को प्रदान किया गया।

**37. सहवाग कौन-से स्थान पर 300 रन बनाकर भारत का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन गया?**

(A) कराची (B) इस्लामाबाद
(C) मुल्तान (D) लाहौर

**R.R.B. अहमदाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2004**
**R.R.B.कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** भारत के विस्फोटक ओपनर बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग मार्च, 2004 में मुल्तान (पाकिस्तान) टेस्ट में सर्वाधिक 309 रनों की पारी खेलकर सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी बन गये। किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाये गये ये सर्वाधिक टेस्ट रन हैं। सहवाग के श्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण भारत ने पहली बार पाकिस्तान की धरती पर टेस्ट शृंखला 2-1 से जीती थी।

**38. रणजी ट्रॉफी और आगा खां कप किससे सम्बन्धित हैं?**

(A) क्रिकेट और वालीबॉल (B) बैडमिंटन और हॉकी
(C) क्रिकेट और फुटबाल (D) क्रिकेट और हॉकी

**R.R.B. सिकन्दराबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** रणजी ट्रॉफी और आगा खां कप क्रमशः क्रिकेट और हॉकी से सम्बन्धित हैं। ये दोनों भारत की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं हैं। संतोष ट्रॉफी एवं डूरण्ड ट्रॉफी फुटबाल से तथा उबेर कप एवं थामस कप बैडमिंटन से सम्बन्धित हैं।

39. **'रोहिन्टन बारिया' ट्रॉफी का संबंध है-**

(A) हॉकी से (B) ब्रिज से
(C) क्रिकेट से (D) फुटबाल से

**R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-** 'रोहिन्टन बारिया' ट्रॉफी भारत में खेली जाने वाली अंतर विश्वविद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता है। भारत में खेली जाने वाली रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी तथा चैलेंजर ट्रॉफी, आदि महत्त्वपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिताएं हैं।

40. **निम्नलिखित में से किस देश ने इस वर्ष आयोजित अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट जीता?**

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) वेस्टइंडीज
(C) पाकिस्तान (D) भारत

**R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-** प्रश्नकाल में फरवरी-मार्च, 2004 में ढाका में सम्पन्न अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेण्ट **पाकिस्तान** ने फाइनल में वेस्टइंडीज को पराजित करके जीत लिया। 2014 में संपन्न इस प्रतियोगिता का खिताब द. अफ्रीका ने पाकिस्तान को पराजित कर जीत लिया।

41. **भारत ने पाकिस्तान में इस वर्ष मार्च में पहला एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच किस स्थान पर खेला?**

(A) कराची (B) लाहौर
(C) पेशावर (D) मुल्तान

**R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-** 14 वर्षों के अंतराल के बाद मार्च, 2004 में पाकिस्तानी दौरे पर पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान के साथ पहला एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच **कराची** में खेला। इस मैच में भारत 5 रनों से विजयी रहा। भारत ने पांच एकदिवसीय मैचों के **सैमसंग कप** को 3-2 से जीतने के साथ-साथ टेस्ट सीरीज में भी 2-1 से जीत दर्ज की।

42. **बांग्लादेश ने हाल में किस देश के विरुद्ध पहली टेस्ट क्रिकेट की जीत दर्ज की है?**

(A) श्रीलंका (B) केन्या
(C) न्यूजीलैण्ड (D) कनाडा
(E) जिम्बाब्वे

**R.R.B. कोलकाता (डी./इले./अ. लोको पायलट) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(E)**

**व्याख्या-** बांग्लादेश की क्रिकेट टीम ने 2005 में जिम्बाब्वे को टेस्ट मैच में हराकर टेस्ट क्रिकेट की पहली जीत दर्ज की थी। बांग्लादेश की टीम को आई.सी.सी. ने टेस्ट टीम का दर्जा दे दिया है।

43. **इंग्लैण्ड की ओर से टेस्ट खेलने वाले प्रथम भारतीय क्रिकेटर कौन थे ?**

(A) दिलीप सिंह (B) रंजीत सिंह
(C) लाला अमरनाथ (D) सी. के. नायडू

**R.R.B.कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-** 'नवानगर' के महाराजा जाम साहब क्रिकेट में रंजीत सिंह जी विभाजी के नाम से प्रसिद्ध हुए जो प्रथम भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे और इंग्लैण्ड की तरफ से खेले। इन्होंने अपने टेस्ट कॅरियर की शुरुआत 16 जुलाई, 1896 से की थी। अपना आखिरी टेस्ट इन्होंने 26 जुलाई, 1902 में खेला था। इस दौरान इन्होंने 15 टेस्ट मैचों में 44.95 के औसत से 989 रन बनाये और मात्र एक टेस्ट विकेट प्राप्त किया। इन्हें "क्रिकेट का काला राजकुमार" (Black Prince of Cricket) के नाम से भी जाना जाता है। इन्हीं के नाम पर भारत में क्रिकेट की एक महत्त्वपूर्ण प्रतियोगिता **'रणजी ट्रॉफी'** खेली जाती है।

44. **'नवानगर' के महाराजा जाम साहब क्रिकेट में किस नाम से प्रसिद्ध थे?**

(A) रंजीत सिंह जी विभाजी (B) नवाब मंसूर अली खां पटौदी
(C) सुनील गावस्कर (D) लाला अमरनाथ

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001**
**R.R.B. जम्मू (T.C.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

45. **निम्न में से किस टीम ने वर्ष 2005-06 की 'ईरानी ट्रॉफी' जीती है?**

(A) बम्बई (B) बंगाल
(C) शेष भारत (D) रेलवे

**R.R.B.सिकन्दराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-** सत्र 2005-06 की ईरानी ट्रॉफी रेलवे ने जीती थी। 2013-14 की यह ट्रॉफी कर्नाटक ने शेष भारत (Rest of India) को पराजित कर जीत ली है।

46. **मुनाफ पटेल कौन सा खेल खेलता है ?**

(A) बैडमिंटन (B) फुटबाल
(C) क्रिकेट (D) टेबल-टेनिस

**R.R.B.कोलकाता (T.C.)परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-** मुनाफ पटेल जिनका जन्म 12 जुलाई, 1983 को इकहार (गुजरात) में हुआ था, भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं। इन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत गुजरात की ओर से प्रथम श्रेणी मैचों में खेलते हुए की थी। इन्होंने अपना पहला टेस्ट इंग्लैण्ड के विरुद्ध मोहाली में खेला था।

47. **किस गेंदबाज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में हाल ही में 1000 विकेट पूरे किये?**

(A) अनिल कुंबले (B) शेन वार्न
(C) एम. मुरलीधरन (D) वसीम अकरम

**R.R.B.चेन्नई(T.A./C.A./E.C.R.C.)परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-** क्रिकेट के दोनों संस्करणों (टेस्ट एवं एकदिवसीय) में 1000 से अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन के नाम है। इन्हें 'विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर' 1999 भी घोषित किया जा चुका है।

48. **भारतीय क्रिकेट टीम के लिए नए कोच के रूप में निम्नलिखित में से किसे चुना गया है?**

(A) विवियन रिचर्ड्स (B) गैरी क्रिस्टेन
(C) कपिल देव (D) एलन बॉर्डर

**R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–** प्रश्नकाल में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर गैरी क्रिस्टेन को भारतीय टीम का नया कोच नियुक्त किया गया। वर्तमान में इस पद पर जिम्बाब्वे के डंकन फ्लेचर हैं।

49. **भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कैप्टन निम्नलिखित में से किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) सचिन तेंदुलकर (B) राहुल द्रविड़
(C) अनिल कुम्बले (D) महेन्द्र सिंह धौनी

**R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** प्रश्नकाल में अनिल कुम्बले को टेस्ट टीम का कप्तान चुना गया था। वर्तमान में टेस्ट एवं एकदिवसीय क्रिकेट के कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी हैं।

50. **क्रिकेट खेलने वाले किन देशों के बीच "एशेज" (ASHES) के लिए भिड़ंत होती है ?**

(A) भारत और पाकिस्तान
(B) ऑस्ट्रेलिया और द. अफ्रीका
(C) ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैण्ड
(D) इंग्लैण्ड और वेस्टइंडीज

**R.R.B.कोलकाता (T.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** "एशेज" (THE ASHES) पांच टेस्ट मैचों की एक रोमांचकारी शृंखला है, जो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैण्ड के बीच 1882 से खेली जा रही है। प्रत्येक दो वर्ष के अन्तराल पर यह बारी-बारी से ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैण्ड में आयोजित की जाती है। वर्तमान में इसका चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया है, जिसने सत्र 2013-14 में इंग्लैंड को 5-0 से हराया।

51. **निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी ने क्रिकेट टेस्ट में दो देशों का प्रतिनिधित्व किया ?**

(A) ग्राहम पोलोक (B) एडी बारलोव
(C) जासू पटेल (D) कैप्लर वैसेल्स

**R.R.B. कोलकाता(A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** कैप्लर वैसेल्स (Kepler Wessels) ने टेस्ट क्रिकेट में दो देशों का प्रतिनिधित्व किया है। यह दो देश हैं-दक्षिण अफ्रीका एवं ऑस्ट्रेलिया।

52. **पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के पूर्व कोच बॉब बूल्मर का जन्म किस शहर में हुआ था?**

(A) जयपुर (B) कानपुर
(C) मुम्बई (D) मोतिहारी

**R.R.B. अहमदाबाद (C.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–** बॉब बूल्मर का जन्म कानपुर (उत्तर प्रदेश) में हुआ था।

53. **एक टेस्ट में एक पारी में सभी दस विकेट लेने वाले प्रथम गेंदबाज कौन थे?**

(A) अनिल कुंबले (B) रिचर्ड हेडली
(C) जिम लेकर (D) शेन वार्न

**R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज जिम लेकर (Jim Laker) ने सर्वप्रथम 1956 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एक पारी में सभी दस विकेट लिए थे। एक पारी में सभी दस विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज भारत के अनिल कुंबले हैं।

54. **ट्वेंटी-20 क्रिकेट में एक टीम में कितने खिलाड़ी रहते हैं?**

(A) 11 (B) 13
(C) 20 (D) 9

**R.R.B. कोलकाता (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–** ट्वेंटी–20 क्रिकेट में एक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं।

55. **किसी एशियाई देश का 300 टेस्ट विकेट लेने वाला कौन-सा प्रथम स्पिनर था?**

(A) अनिल कुंबले (B) अब्दुल कादिर
(C) बिशन सिंह बेदी (D) एम. मुरलीधरन

**R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन ने अपना 300वां टेस्ट विकेट दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध दिसम्बर, 2000 में लिया था तथा अनिल कुंबले ने अपना 300वां टेस्ट विकेट इंग्लैंड के विरुद्ध दिसम्बर, 2001 में लिया था। भारत के बिशन सिंह बेदी अपने कॅरियर में कुल 266 विकेट तथा पाकिस्तान के अब्दुल कादिर ने कुल 236 विकेट प्राप्त किए हैं।

56. **हाल ही में आई.सी.सी. चैम्पियन्स ट्रॉफी में क्रिकेट कहां संपन्न हुई?**

(A) भारत में (B) श्रीलंका में
(C) क्वालालम्पुर में (D) वेस्टइंडीज में

**R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–** नवम्बर, 2006 में आई.सी.सी. चैम्पियन्स ट्रॉफी भारत में सम्पन्न हुई। इसे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को फाइनल में पराजित कर जीत लिया था। वर्ष 2009 की यह प्रतियोगिता इंग्लैंड एवं वेल्स में आयोजित की गई थी, जिसका खिताब भारत ने इंग्लैंड को पराजित कर जीत लिया था।

57. **क्रिकेट के आईपीएल-2 वर्जन में ऑस्ट्रेलियाई शेन वार्न किस टीम के कप्तान हैं?**

(A) चेन्नई सुपर किंग (B) राजस्थान रायल्स
(C) डेक्कन चार्जर्स (D) नाइट राइडर्स

**R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या-प्रश्नकाल में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शेन वार्न राजस्थान रायल्स के कप्तान थे। इनकी कप्तानी में राजस्थान रायल्स ने आईपीएल-1 (2008) का खिताब जीता था।

**58. मार्च-अप्रैल, 2009 में भारत ने न्यूजीलैण्ड को टेस्ट क्रिकेट मैच सीरीज में पराजित किया, यह विजय कितने वर्षों बाद मिली?**

(A) 49 वर्ष (B) 47 वर्ष
(C) 46 वर्ष (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर-(D)**

व्याख्या-तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला भारत ने 41 वर्षों के बाद न्यूजीलैंड में जीती थी।

**59. टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाला खिलाड़ी कौन है?**

(A) ब्रायन लारा (B) सनत जयसूर्या
(C) सचिन तेंदुलकर (D) वीरेन्द्र सहवाग

**R.R.B. इलाहाबाद (T.C.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर-(C)**

व्याख्या- टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 15921 रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है। सचिन क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

**60. हाल में चर्चा में रहे शोएब मलिक किस क्षेत्र से संबंधित हैं?**

(A) फुटबाल, भारत (B) हॉकी, पाकिस्तान
(C) क्रिकेट, पाकिस्तान (D) क्रिकेट, भारत

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2010**

**उत्तर-(C)**

व्याख्या- शोएब मलिक, पाकिस्तान के क्रिकेटर हैं जिन्होंने 1999 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला वनडे मैच खेला तथा 2001 में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेला। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा से विवाह करने के कारण ये चर्चा में रहे।

**61. किस खेल में गुल्ली (Bails) होती हैं?**

(A) स्क्वैश (B) क्रिकेट
(C) आइस हॉकी (D) पोलो

**R.R.B. भोपाल (Tr. Clerk) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(B)**

व्याख्या- गुल्ली का सम्बन्ध क्रिकेट से है जिसको स्टम्प्स के ऊपर रखा जाता है। स्टम्प्स की ऊंचाई भूमि से 27 इंच ऊपर होती है।

**62. क्रिकेट के खेल में 'पॉपिंग क्रीज' की माप होती है-**

(A) 8 फुट (B) 4 फुट
(C) 6 फुट (D) 2 फुट

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(B)**

व्याख्या- क्रिकेट में 'पॉपिंग क्रीज' विकेट तथा बल्लेबाज की बल्लेबाजी लाइन के बीच की दूरी को कहते हैं। इसकी माप 4 फुट (1.22 मी.) होती है। 'बॉलिंग क्रीज' की लम्बाई 8.8 फुट तथा क्रिकेट की पिच की कुल लम्बाई 22 गज होती है।

**63. क्रिकेट में निम्नलिखित में से कौन सी क्षेत्ररक्षण स्थिति सीमा रेखा के समीपस्थ होती है?**

(A) स्कवेयर लेग (B) कवर
(C) प्वाइंट (D) थर्ड मैन
(E) गली

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(D)**

व्याख्या- क्रिकेट के क्षेत्ररक्षण में थर्डमैन की स्थिति विकेटकीपर के पीछे सीमा रेखा के समीप होती है। कवर, गली तथा प्वाइंट तीनों 30 गज की सीमा के अंदर के क्षेत्ररक्षण स्थान हैं।

**64. क्रिकेट गेंद की परिधि क्या होती है ?**

(A) 220 मिमी. (B) 22.4 से 22.9 सेमी.
(C) 25 सेमी. (D) 29.5 से 30.5 सेमी.

**R.R.B. इलाहाबाद (G.G./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(B)**

व्याख्या- क्रिकेट के नियम (5) के अनुसार क्रिकेट गेंद का वजन 5 1/2 से 5 3/4 औंस तथा इसकी परिधि 8 (22.4Cm) से कम और 9 इंच (22.9Cm) से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**65. LBW शब्द निम्नलिखित खेलों में से किस खेल से सम्बन्धित है?**

(A) क्रिकेट (B) हॉकी
(C) फुटबाल (D) पोलो

**R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर-(A)**

व्याख्या- पगबाधा (Leg Before Wicket–LBW) क्रिकेट में बल्लेबाज को आउट करने का तरीका है। एल.बी.डब्ल्यू. आउट करार देना पूर्णतया अम्पायर की दक्षता व विवेक पर निर्भर करता है।

## ❑ एथलेटिक्स

**1. 32वें राष्ट्रीय खेलों में तैराकी में सर्वाधिक पदक प्राप्त किये थे-**

(A) आंध्र प्रदेश की ऋचा मिश्रा ने
(B) कर्नाटक की वी. शिवरंजनी ने,
(C) तमिलनाडु की रश्मि चक्रवर्ती ने
(D) अरुणाचल प्रदेश की मीनू तमंग ने

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(A)**

व्याख्या- प्रश्नकाल एवं वर्तमान दोनों समय में तैराकी में ऋचा मिश्रा ने ही जीता है। परंतु प्रश्न के समय में आंध्र प्रदेश की ओर से भाग लिया था जबकि 34वें राष्ट्रीय खेल (झारखंड) में इन्होंने दिल्ली की ओर से भाग लिया था।

**2. हैदराबाद में आयोजित 32वें राष्ट्रीय खेलों मे पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी किसे माना गया है?**

(A) भालिन्दर सिंह
(B) अश्विनी कुमार
(C) रेहान पोंचा
(D) सुरेन्द्र दुबे

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर-(C)**

व्याख्या- प्रश्नकाल में रेहान पोंचा को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी घोषित किया गया था। 34वें राष्ट्रीय खेल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी वीर धवल खाड़े को घोषित किया गया है।

3. 15वें एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाला एशिया का शहर कौन सा था?
(A) टोक्यो (B) सिओल
(C) नई दिल्ली (D) दोहा
R.R.B. कोलकाता (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007
उत्तर-(D)

व्याख्या- एशियाई खेल कुम्भ का 15वां संस्करण खाड़ी देश कतर की राजधानी दोहा में सम्पन्न हुआ। 17वें एशियाई खेल का आयोजन वर्ष 2014 में इचियोन (द. कोरिया) में किया जाएगा।

4. 2002 के कॉमनवेल्थ खेल किस शहर में हुए थे?
(A) लन्दन
(B) मॉनचेस्टर
(C) एडिनबर्ग
(D) लीड
R.R.B. रांची (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003
उत्तर-(B)

व्याख्या- इंग्लैंड के शहर मॉनचेस्टर में 2002 में 17वें कॉमनवेल्थ गेम्स (खेल) का आयोजन हुआ था, जिसमें 32 स्वर्ण 21 रजत 19 कांस्य पदक जीतकर भारत ने तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। 20वें कॉमनवेल्थ खेलों का आयोजन वर्ष 2014 में ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में किया जाएगा।

5. सन् 2008 के ओलम्पिक खेल कहां आयोजित होंगे?
(A) चीन (B) ग्रीस
(C) इटली (D) फ्रांस
(E) स्वीडन
R.R.B. कोलकाता (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002
R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008
R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2002
उत्तर-(A)

व्याख्या- सन् 2008 में ओलम्पिक खेल की मेजबानी के लिए चीन को चुना गया था जबकि 2004 के लिए एथेंस को चुना गया था। 2012 का ओलम्पिक हाल ही में लंदन संपन्न हुआ। वर्ष 2016 में 31वें ओलम्पिक खेलों का आयोजन रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) में किया जाएगा।

6. 2012 में ओलम्पिक खेल कहां पर आयोजित किए जाएंगे?
(A) मास्को (B) पेरिस
(C) न्यूयॉर्क (D) लंदन
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2006
R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2010
उत्तर-(D)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या।

7. वर्ष 2016 में ओलम्पिक खेलों का आयोजन-स्थल है?
(A) लंदन (B) बीजिंग
(C) रियो-डी-जेनेरो (D) न्यूयॉर्क
R.R.B. कोलकाता (ECRC) परीक्षा, 2007
उत्तर-(C)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

8. ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2004 कहां हुआ?
(A) बीजिंग (B) टोक्यो
(C) एथेंस (D) सिडनी
R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2004
उत्तर-(C)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

9. व्यक्तिगत रूप से ओलम्पिक 2008 में किस भारतीय ने पहला स्वर्ण पदक जीता था?
(A) अभिनव बिन्द्रा (B) राज्यवर्द्धन सिंह राठौर
(C) कर्णम मल्लेश्वरी (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2010
उत्तर-(A)

व्याख्या- व्यक्तिगत रूप से बीजिंग ओलम्पिक 2008 में 10 मी. एयर राइफल शूटिंग में अभिनव बिन्द्रा ने स्वर्ण पदक जीता था। लंदन ओलम्पिक में सुशील कुमार कुश्ती में रजत पदक जीतकर पहले ऐसे खिलाड़ी बने जिसने लगातार ओलम्पिक में कोई न कोई पदक प्राप्त किया हो।

10. चीन ने ओलम्पिक 2008 में कितने स्वर्ण पदक जीते?
(A) 51 (B) 49
(C) 52 (D) 54
R.R.B. इलाहाबाद (C.C.) परीक्षा, 2008
उत्तर-(A)

व्याख्या-बीजिंग ओलम्पिक, 2008 में चीन ने 51 स्वर्ण, 21 रजत और 28 कांस्य पदक सहित कुल 100 पदक प्राप्त किए। चीन ने लंदन ओलम्पिक में 38 स्वर्ण, 27 रजत एवं 23 कांस्य सहित कुल 88 पदक प्राप्त किया।

11. बीजिंग ओलम्पिक्स, 2008 में भारत पदकों की अन्तिम तालिका में किस स्थान पर रहा?
(A) 40वें (B) 50वें
(C) 49वें (D) 48वें
R.R.B. इलाहाबाद (C.C.) परीक्षा, 2008
उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदकों सहित कुल 3 पदक प्राप्त कर 50वें स्थान पर रहा।

12. 2004 में एथेन्स (ग्रीस) में हुई ओलम्पिक प्रतियोगिता में हमारे देश के लिए रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी कौन थे?
(A) अंजु बी जार्ज
(B) यशपाल राणा
(C) राज्यवर्धन सिंह राठौर
(D) के.एम.बीनामोल
R.R.B. चेन्नई (T.C.) परीक्षा, 2005
R.R.B. भोपाल (T.C.) परीक्षा, 2005
R.R.B. सिकन्दराबाद (G.G.) परीक्षा, 2001
R.R.B. भोपाल (T.C.) परीक्षा, 2005
R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2005
उत्तर-(C)

व्याख्या– 28वें ओलम्पिक खेल, 13 अगस्त से 29 अगस्त, 2004 के बीच ओलम्पिक खेलों की जन्मभूमि तथा ग्रीस (यूनान) के राजधानी नगर एथेंस में सम्पन्न हुए। इस ओलम्पिक में भारत की तरफ से पदक जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी सेना के मेजर राज्यवर्धन सिंह राठौर थे। राज्यवर्धन राठौर ने निशानेबाजी (शूटिंग) की डबल ट्रैप स्पर्धा में ओलम्पिक रजत पदक प्राप्त किया। राठौर ओलम्पिक की किसी व्यक्तिगत स्पर्धा में **रजत पदक** प्राप्त करने वाले भारत के प्रथम और एकमात्र खिलाड़ी हैं। इसके पहले 1952 के हेलसिंकी ओलम्पिक में केशव जाधव ने कुश्ती का कांस्य पदक, 1996 के अटलांटा ओलम्पिक में लिएंडर पेस ने टेनिस का कांस्य पदक तथा 2000 के सिडनी ओलम्पिक में कर्णम मल्लेश्वरी (ओलम्पिक में पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला) ने भारोत्तोलन का कांस्य पदक जीता था। वर्ष 2008 के बीजिंग ओलम्पिक में भारत के अभिनव बिन्द्रा ने स्वर्ण (10 मी. एअर राइफल निशानेबाजी) एवं सुशील कुमार (कुश्ती) तथा विजेंदर कुमार (मुक्केबाजी) ने कांस्य पदक जीता था। वर्ष 2012 के लंदन ओलम्पिक में सुशील कुमार (कुश्ती), विजय कुमार (निशानेबाजी) रजत पदक जबकि सायना नेहवाल (बैडमिंटन), गगन नारंग (निशानेबाजी), मैरीकॉम (मुक्केबाजी) एवं योगेश्वर दत्त (कुश्ती) में कांस्य पदक जीता।

**13. भारत को सिडनी ओलम्पिक में किस खेल में पदक मिला?**

(A) भारोत्तोलन (B) तैराकी
(C) मुक्केबाजी (D) टेनिस

**R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें ।

**14. सबसे पहले ओलम्पिक में रजत पदक जीतने वाला है-**

(A) अंजली वेद पाठक (B) राजवर्धन सिंह राठौर
(C) जसपाल राणा (D) कुंजुरानी

**R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. राज्यवर्द्धन सिंह राठौर संबंधित हैं-**

(A) गोल्फ से (B) कुश्ती से
(C) शूटिंग से (D) टेनिस से

**R.R.B. रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. बीजिंग ओलम्पिक 2008 में सुशील कुमार ने किस खेल में पदक जीता?**

(A) 66 किग्रा. फ्रीस्टाइल कुश्ती (B) 75 किग्रा मिडिल वेट
(C) 200 मीटर बटरफ्लाई (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–सुशील कुमार ने बीजिंग ओलम्पिक 2008 में पुरुषों की 66 किग्रा. फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता था।

**17. सन् 1984 में आयोजित ओलम्पिक खेलों में पी.टी. ऊषा कौन से खेल में कांस्य पदक (Bronze medal) से वंचित रह गईं?**

(A) 800 मी. बाधा दौड़ (B) 400 मी. बाधा दौड़
(C) 100 मी. बाधा दौड़ (D) 200 मी. बाधा दौड़

**R.R.B. महेन्द्रूघाट, पटना (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– सन् 1984 में लास एंजिल्स (U.S.A.) में आयोजित ओलम्पिक खेलों में भारत की प्रसिद्ध धाविका पी.टी. ऊषा 400 मीटर बाधा दौड़ में मात्र कुछ इंच पीछे रह जाने के कारण कांस्य पदक प्राप्त करने से वंचित रह गई थीं।

**18. निम्न में से किस देश से ओलम्पिक खेलों की शुरुआत हुई थी?**

(A) इंग्लैण्ड (B) मिस्र
(C) फ्रांस (D) यूनान

**R.R.B. चेन्नई, (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या– ओलम्पिक खेल यूनानी देवता **जीयस** के सम्मान में आयोजित हुए थे। यूनानी कैलेण्डर ओलम्पियाड पर आधारित है जिसके अनुसार प्रथम ओलम्पिक खेल 776 ई. पू. में ओलम्पिया (Olympia) स्टेडियम में आयोजित हुए थे।

**19. लंदन को 2012 ई. ओलम्पिक खेलों की मेजबानी यूरोपीय प्रतियोगी पेरिस को अन्तिम राउण्ड में हराकर मिली। पेरिस ने कब से ओलम्पिक खेलों की मेजबानी नहीं की है ?**

(A) 1924 ई. (B) 1936 ई.
(C) 1952 ई. (D) 1960 ई.

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.A./T.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– सन् 1896 में ओलम्पिक खेलों के प्रारंभ से लेकर अब तक पेरिस को मात्र दो बार ओलम्पिक खेलों की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ था। पहली बार 1900 में तथा दूसरी बार 1924 में।

**20. ओलम्पिक खेल सामान्यतया कितने वर्षों के अन्तराल पर आयोजित किए जाते हैं?**

(A) 2 वर्ष (B) 3 वर्ष
(C) 4 वर्ष (D) 5 वर्ष

**R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– ओलम्पिक खेल सामान्यतया 4 वर्ष के अन्तराल पर आयोजित किए जाते हैं।

**21. सिंगापुर में आयोजित युवा ओलम्पिक खेलों का प्रथम आधिकारिक राजदूत किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) माइकल फेलप्स (B) सानिया मिर्जा
(C) लिएण्डर पेस (D) गैरी कर्सटन

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–अमेरिकी तैराक माइकल फेलप्स को सिंगापुर में आयोजित युवा ओलम्पिक खेलों का प्रथम आधिकारिक राजदूत नियुक्त किया गया था।

**22. पिछले एशियाई खेलकूद, जो बुसान में आयोजित किये गये थे, का शुभंकर क्या था?**

(A) अप्पू (B) नन्दू
(C) डूरियन (D) कंचा

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित 14वें एशियाई खेल का शुभंकर डूरियन था।

**23. 1998 में कौनसा खेल 64 वर्ष बाद वापस ओलम्पिक खेलों में शामिल हुआ?**

(A) जूडो (B) टेनिस
(C) क्रोके (D) कनुइंग (डोंगी-चालन)

**R.R.B. जम्मू (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** 1998 में अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति ने कनुइंग (डोंगी-चालन) खेल को 64 वर्षों के पश्चात् पुनः ओलम्पिक में स्थान दे दिया। इस खेल की प्रतियोगिता 2000 के सिडनी ओलम्पिक में हुई।

**24. बुसान में सम्पन्न हुए 2002 एशियाई खेलों में किस भारतीय महिला ने लम्बी कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया?**

(A) अंजु बॉबी जॉर्ज (B) सोमा विश्वास
(C) सुनीता रानी (D) सरस्वती साहा

**R.R.B. रांची (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003**
**R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–** दक्षिण कोरिया के बुसान में 29 सितम्बर से 14 अक्टूबर, 2002 तक चले एशियाई खेलों में भारत ने 11 स्वर्ण, 12 रजत, 13 कांस्य, अर्थात् कुल 36 पदक जीतकर पदक तालिका में 7वां स्थान प्राप्त किया। इसमें भारत की अंजु बॉबी जॉर्ज ने लम्बी कूद का स्वर्ण पदक प्राप्त किया था।

**25. भारत के प्रसिद्ध खिलाड़ी लेसली क्लाउडिउस ने किस खेल में देश का नेतृत्व किया था?**

(A) फुटबाल में (B) हॉकी में
(C) एथलेटिक्स में (D) बैडमिंटन में
(E) टेनिस में

**R.R.B. कोलकाता (डी./इले./अ.लोको पायलट) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** भारत के प्रसिद्ध खिलाड़ी लेसली क्लाउडिउस ने एथलेटिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

**26. किस शहर को 2006 के शीतकालीन ओलम्पिक खेल के लिए चुना गया है?**

(A) बुडापेस्ट (B) मॉन्ट्रियल
(C) वारसा (D) तूरिन

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** इटली के राज्य पीडमांट में तूरिन स्थित है, जहां 2006 का शीतकालीन ओलम्पिक खेल संपन्न हुआ। 2014 का शीतकालीन ओलम्पिक सोची (रूस) में जबकि 2018 में प्योंगचांग (द. कोरिया) में संपन्न होगा।

**27. मानसिक मन्द बुद्धि व्यक्तियों के लिए विशिष्ट ओलम्पिक राष्ट्रीय प्रतियोगिता अक्टूबर 22 से अक्टूबर 26,2002 तक कहां हुई थी?**

(A) हैदराबाद (B) नई दिल्ली
(C) बंगलौर (D) नागपुर

**R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–** 22 से 26 अक्टूबर, 2002 तक राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो कि मानसिक रूप से मन्द बुद्धि व्यक्तियों के लिए आयोजित की जाती है, नई दिल्ली में संपन्न हुई। इसे मन्द बुद्धि व्यक्तियों की विशिष्ट ओलम्पिक राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता कहते हैं।

**28. पिछले एशियाई खेलों में किस भारतीय एथलीट के पदक छीन लिए गए थे, जो उन्हें अब वापस मिल गए हैं?**

(A) कर्णम मल्लेश्वरी (B) सुनीता रानी
(C) ज्योतिर्मय सिकदर (D) के. बीनामोल

**R.R.B. चंडीगढ़, (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–** भारतीय एथलीट सुनीता रानी को तथाकथित डोप टेस्ट में प्रतिबंधित दवा 'नेड्रोलीन' लेने के आरोप में उनसे महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक तथा 5000 मीटर दौड़ का कांस्य पदक वापस लिये जाने के बाद पदक तालिका में भारत का स्थान ताइवान के बाद आठवां हो गया था, लेकिन 24 दिसम्बर को सुनीता रानी को इन आरोपों से मुक्त करके उनके द्वारा जीते गए दोनों पदक ( 1 स्वर्ण 1 कांस्य) पुनः प्राप्त होने से भारत तालिका में फिर से सातवें स्थान पर आ गया है।

**29. सिडनी ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ी दल का नेतृत्व किसने किया था?**

(A) पी.टी. उषा (B) बलवीर सिंह
(C) लिएण्डर पेस (D) जीव मिल्खा सिंह
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी में सितम्बर -अक्टूबर, 2000 में आयोजित 27वें ओलम्पिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के दल का नेतृत्व टेनिस खिलाड़ी लिएण्डर पेस ने किया था।

**30. आधुनिक ओलम्पिक खेलों का सर्वप्रथम आयोजन कब हुआ?**

(A) 1876 में (B) 1887 में
(C) 1895 में (D) 1896 में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. जम्मू (T.C.) परीक्षा, 2001**
**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** वैसे तो सर्वप्रथम ओलम्पिक खेलों का आयोजन 776 ई. पू. यूनान में हुआ था। ये खेल 394 ई. तक निरन्तर होते रहे। लेकिन इसके बाद इनका आयोजन बन्द हो गया। आधुनिक ओलम्पिक खेलों का सर्वप्रथम आयोजन 4 अप्रैल, 1896 को फ्रांसीसी भाषाविद् और समाजशास्त्री पियरे दि कुबर्तिन के प्रयासों से यूनान की राजधानी एथेन्स में हुआ। इस प्रकार कुबर्तिन 'आधुनिक ओलम्पिक के जनक' तथा एथेंस 'ओलम्पिक की जन्मभूमि' है।

**31. 'कार्ल लेविस' विख्यात है–**

(A) अंतरिक्ष यात्री (B) मुक्केबाज
(C) गायक (D) धावक
(E) क्रिकेटर

**R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.A.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** कार्ल लेविस अमेरिकी धावक हैं।

32. 13वें एशियाई खेल कहां हुए?

(A) हांगकांग
(B) सिंगापुर
(C) बैंकाक
(D) मनीला

R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(C)

व्याख्या- 13वें एशियाई खेल जो कि 1998 में आयोजित हुए थे थाइलैण्ड की राजधानी बैंकाक में सम्पन्न हुए थे। 16वां एशियाई खेल गुआंगझाउ (चीन) में संपन्न हुआ।

33. एशियाई खेल 1998 में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक किसने प्राप्त किया?

(A) पी. टी. ऊषा
(B) सुनीता रानी
(C) ज्योतिर्मय सिकदर
(D) के. टी. रोसाकुट्टी

R.R.B. गोरखपुर, (Asst.Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(C)

व्याख्या- पश्चिम बंगाल की खिलाड़ी ज्योतिर्मय सिकदर ने 1998 के एशियाई खेलों में 800 मी. प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

34. मास्को में हुए 1980 के ओलम्पिक खेलों के बहिष्कार में अग्रता किस देश ने की?

(A) ग्रेट ब्रिटेन
(B) चीन
(C) संयुक्त राज्य अमेरिका
(D) दक्षिण कोरिया

R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(C)

व्याख्या- संयुक्त राज्य अमेरिका तथा सोवियत संघ में चल रहे शीत युद्ध के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अनेक देशों ने मास्को ओलम्पिक का बहिष्कार किया था।

35. मुहम्मद अली निम्नलिखित में से किसके ख्याति प्राप्त खिलाड़ी रहे?

(A) बॉक्सिंग
(B) पहलवानी
(C) भारोत्तोलन
(D) बिलियर्ड्स

R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(A)

व्याख्या- मुहम्मद अली बॉक्सिंग से सम्बन्धित हैं।

36. भारत में जूडो का आरम्भ किसने किया था?

(A) वाई यांग
(B) रवीन्द्र नाथ टैगोर
(C) जवाहर लाल नेहरू
(D) ब्रूस ली

R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(A)

व्याख्या- दक्षिण कोरिया के रहने वाले वाई यांग ने सर्वप्रथम भारत में नई दिल्ली में जूडो का प्रशिक्षण देना प्रारम्भ किया था।

37. प्रथम ओलम्पिक गोल्ड मैडल विजेता किस देश से हैं?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका
(B) फ्रांस
(C) जर्मनी
(D) चीन

R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(A)

व्याख्या-जेम्स ब्रैंडेन कोनोली अमेरिकी एथलीट और लेखक थे। इन्होंने आधुनिक युग के प्रथम ओलम्पिक (एथेंस, 1896) की ट्रिपल जम्प स्पर्धा में प्रथम स्वर्ण पदक प्राप्त किया था।

38. भारत में पहली बार सम्पन्न 13 वीं आई.ए.ए.एफ. विश्व अर्द्ध मैराथन दौड़ में महिला वर्ग का खिताब किसने जीता?

(A) पाउल किरूई
(B) सुन यिंगजी
(C) लीडिया कैरोमी
(D) कॉन्स्टेंटीना तोमेस्क्यू

R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(B)

व्याख्या- अक्टूबर, 2004 को भारत में पहली बार आयोजित 13वीं आई.ए.ए.एफ. विश्व अर्द्ध मैराथन दौड़ में महिला वर्ग का खिताब चीन की धाविका 'सुन यिंगजी' ने जीता, जबकि पुरुष वर्ग का खिताब कीनिया के पाउल किरूई ने जीता।

39. हाल में ही संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन कहां हुआ?

(A) ब्रिटेन
(B) कनाडा
(C) ऑस्ट्रेलिया
(D) भारत

R.R.B. चंडीगढ़ (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006
R.R.B. चेन्नई, (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006
R.R.B. अहमदाबाद (C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(C)

व्याख्या- 15 मार्च, 2006 से 26 मार्च, 2006 तक चलने वाले 18वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में किया गया। इसमें 16 खेलों की कुल 247 स्पर्धाओं में 71 देशों के लगभग 4500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खेल का शुभंकर 'कारक' नामक एक जीव था। 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन प्रथम बार अक्टूबर, 2010 में नई दिल्ली (भारत) में किया गया। इसका शुभंकर शेरा (बाघ) था। 2014 में राष्ट्रमंडल खेल ग्लासगो (स्काटलैंड) एवं 2018 का राष्ट्र मंडल खेल गोल्ड कोस्ट (क्वींस लैण्ड, ऑस्ट्रेलिया) में होगा।

40. पहले राष्ट्रमंडल खेल कहां आयोजित किए गए थे ?

(A) मेलबर्न
(B) लंदन
(C) हैमिल्टन
(D) सिडनी

R.R.B. इलाहाबाद (A.C./C.C./T.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(C)

व्याख्या- प्रथम ब्रिटिश साम्राज्य खेल (British Empire Games) जो आगे चलकर राष्ट्रमंडल खेलों (Commonwealth Games) के नाम से विकसित हुए, का शुभारम्भ 1930 में कनाडा के हैमिल्टन (ओनटैरियो) शहर में हुआ था जिसमें विश्व की 11 टीमों ने भाग लिया था।

41. पेम्बा तमांग ने मेलबर्न राष्ट्रमंडल खेल 2006 में किस खेल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था ?

(A) शूटिंग
(B) टेबल टेनिस
(C) बॉक्सिंग
(D) वेट लिफ्टिंग

R.R.B. इलाहाबाद (A.C./C.C./T.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या- पेम्बा तमांग एक भारतीय निशानेबाज (Shooter) हैं, जिन्होंने 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 25 मी. रैपिड फायर पिस्टल (25m. Rapid Fire Pistol) प्रतियोगिता (Pairs) में विजय कुमार के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

42. प्रथम एशियाई खेल किस वर्ष आयोजित किए गए थे?

(A) 1952
(B) 1953
(C) 1954
(D) 1951

R.R.B. चंडीगढ़ परीक्षा, 2001

उत्तर-(D)

व्याख्या– प्रथम एशियाई खेल (एशियाड) का आयोजन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू तथा एक खेल प्रेमी 'एंटोनी डिमेलो' के प्रयासों से नई दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में हुआ। प्रथम एशियाड में 11 देशों ने कुल 6 स्पर्धाओं में भाग लिया। इस एशियाड में जापान, भारत, ईरान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद 1982 में नई दिल्ली में पुनः एशियाड आयोजित हुए। 14 वां एशियाड 2002 में बुसान (दक्षिण कोरिया) में संपन्न हुआ। आगामी एशियाड 2006 में कतर की राजधानी दोहा में तथा 2010 में गुआंगझू (चीन) में संपन्न हुए।

**43. प्रथम एशियाई खेल का आयोजन वर्ष 1951 में किया गया–**

(A) ताशकंद में (B) दिल्ली में

(C) सिओल में (D) बैंकाक में

**R.R.B. इलाहाबाद (असि. लोको पाय.) परीक्षा, 2007**

**R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**44. पिछले एशियाई खेल में सबसे अधिक पदक किसने जीते?**

(A) चीन (B) दक्षिण कोरिया

(C) जापान (D) भारत

**R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– दोहा एशियाई खेलों में सर्वाधिक पदक चीन (165 स्वर्ण, 88 रजत, 63 कांस्य = 316) ने जीते। द्वितीय स्थान दक्षिण कोरिया तथा तृतीय स्थान जापान को प्राप्त हुआ।

**45. 2001 में किस देश में प्रथम एफ्रो-एशियाई खेलों का आयोजन किया गया था?**

(A) जापान (B) भारत

(C) मिस्र (D) दक्षिण अफ्रीका

**R.R.B. भोपाल परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– प्रथम 'एफ्रो एशियाई गेम्स' नवम्बर, 2001 में, नई दिल्ली में आयोजित होने थे परन्तु 11 सितम्बर, 2001 को अमेरिका में आतंकवादी हमला किये जाने के कारण इन खेलों को स्थगित कर दिया गया। बाद में 2 नवम्बर, 2003 में ये खेल आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में आयोजित किए गए, जिसमें चीन, भारत तथा जापान को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन खेलों का शुभंकर (Mascot) 'शेरू', प्रतीक चिन्ह चार मीनार तथा आदर्श वाक्य (दो महाद्वीप एक जोश) था।

**46. नई दिल्ली में आयोजित एफ्रो-एशियन गेम्स में शुभंकर (Mascot) का नाम है-**

(A) अप्पू (B) शेरू

(C) पीकॉक (D) बुल, द बीस्ट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**47. दोहा एशियाई खेल में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पदक किसने जीता?**

(A) अंजली भागवत (B) जसपाल राणा

(C) राज्यवर्धन सिंह राठौर (D) अंजू बाबी जार्ज

**R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– भारत की ओर से सर्वाधिक पदक जसपाल राणा ने जीते। राणा ने 2 स्वर्ण व्यक्तिगत स्पर्धा में तथा 1 स्वर्ण टीम स्पर्धा में, जबकि 1 रजत टीम स्पर्द्धा में जीते।

**48. दोहा एशियाई खेल में जसपाल राणा ने कितने स्वर्ण पदक जीते?**

(A) 4 (B) 3

(C) 5 (D) 1

**R.R.B. इलाहाबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

## ❑ शतरंज

**1. शतरंज बोर्ड में कितने वर्ग होते हैं?**

(A) 36 (B) 48

(C) 64 (D) 72

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– शतरंज बोर्ड में कुल 64 वर्ग होते हैं। दोनों खिलाड़ी 16-16 मुहरों का प्रयोग शतरंज खेलने में करते हैं। शतरंज काली तथा सफेद मोहरों से खेला जाता है।

**2. प्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ी 'गाटा कामस्की' किस राष्ट्र का है?**

(A) यू.एस.ए. (B) रूस

(C) स्वीडन (D) नार्वे

**R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– प्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ी गाटा कामस्की यू.एस.ए. (अमेरिका) का है। गैरी कास्पारोव, अनातोली कारपोव तथा क्रमनिक रूसी शतरंज खिलाड़ी है। विश्वनाथन आनंद भारतीय शतरंज ग्रैण्ड मास्टर है।

**3. निम्नलिखित में से कौनसा शतरंज का खिलाड़ी यंगेस्ट ग्रैण्ड मास्टर ऑफ इंडिया है?**

(A) वी. आनंद (B) हरीकृष्णा

(C) पी. बरुआ (D) थिप्से

**R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– प्रश्नानुसार आंध्र प्रदेश के पी. हरिकृष्णा सबसे कम उम्र में ग्रैण्ड मास्टर का शतरंज खिताब प्राप्त करने वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं। इस प्रकार हरिकृष्णा 'यंगेस्ट ग्रैण्ड मास्टर ऑफ इण्डिया' (सबसे कम उम्र के भारतीय ग्रैण्डमास्टर) हैं। प्रवीण थिप्से, पी. बरुआ, वी. आनंद भी भारत के शतरंज खिलाड़ी हैं। वर्तमान में यह उपलब्धि परिमार्जन नेगी के नाम है।

4. 'गैम्बिट' पद किस खेल से सम्बद्ध है?
(A) कैरम (B) ब्रिज
(C) शतरंज (D) बिलियर्ड्स
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2002
R.R.B. चेन्नई (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(C)

व्याख्या- गैम्बिट, चैकमेट, स्टेल मेट, कैसेलिंग, परपेचुयल चेक इत्यादि शब्द शतरंज से सम्बन्धित हैं।

5. कोनेरु हम्पी किस क्षेत्र से सम्बन्धित हैं?
(A) खेल और खिलाड़ी (B) संगीत
(C) राजनीति (D) विज्ञान एवं तकनीकी
R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(A)

व्याख्या- कोनेरु हम्पी शतरंज खिलाड़ी हैं।

6. यदि किसी खिलाड़ी को FIDE रैंक मिला है, तो वह कौन-सा खेल खेलता है ?
(A) टेबल टेनिस (B) टेनिस
(C) शतरंज (D) बैडमिंटन
R.R.B. सिकन्दराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2005
R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009

उत्तर-(C)

व्याख्या- फिडे (FIDE-Federation Internationale Des Echecs) शतरंज की सर्वोच्च नियामक संस्था है, जिसकी स्थापना 20 जुलाई, 1924 को पेरिस (फ्रांस) में हुई। फिडे द्वारा शतरंज ओलम्पियाड, विश्व चैम्पियनशिप तथा अन्य फिडे स्पर्धाओं का आयोजन किया जाता है। यदि किसी खिलाड़ी को FIDE रैंक मिलता है, तो वह निश्चित रूप से शतरंज खेलता है।

7. विश्व में अभी प्रथम रैंक का शतरंज खिलाड़ी कौन है?
(A) विश्वनाथन आनंद (B) वी. क्रौमनिक
(C) वी. टोपालोव (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(A)

व्याख्या- प्रश्नानुसार अप्रैल, 2007 में फिडे (FIDE) द्वारा जारी खिलाड़ियों की सूची में भारत के विश्वनाथन आनंद को 2786 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अप्रैल, 2014 तक कार्लसन मैग्नस प्रथम स्थान पर जबकि आनंद को तीसरा स्थान प्राप्त था।

## ❑ फुटबाल

1. 'फीफा' कंफेडरेशन कप कहां किया जाना है?
(A) अर्जब्टीना 2013 (B) ब्राजील 2013
(C) लंदन 2013 (D) मैक्सिको 2013
R.R.B. चंडीगढ़ (C.A./T.A./G.C./A.S.M.) परीक्षा, 2012

उत्तर-(B)

व्याख्या-2013 फीफा कंफेडरेशन कप जून, 2013 में ब्राजील में आयोजित किया गया। मेजबान ब्राजील ने गत विश्व कप विजेता स्पेन को फाइनल में 3-0 से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। अगला कंफेडरेशन कप जून, 2017 में रूस में आयोजित किया जाएगा। फीफा 2014 फुटबॉल विश्व कप जून-जुलाई, 2014 में ब्राजील में आयोजित किया जाएगा।

2. सन्तोष ट्रॉफी का सम्बन्ध है—
(A) क्रिकेट से (B) गोल्फ से
(C) फुटबाल से (D) बास्केटबाल से
R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) मुख्य परीक्षा, 2010
R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003
R.R.B. अहमदाबाद (Stenographer) परीक्षा, 2006

उत्तर-(C)

व्याख्या- रोवर्स कप, संतोष ट्रॉफी, सुब्रतो कप, डूरण्ड कप आदि भारत की प्रमुख फुटबाल प्रतियोगिताएं हैं।

3. निम्नलिखित में से कौन-सी ट्रॉफी/कप फुटबाल के खेल से जुड़ी/जुड़ा है?
(A) रणजी ट्रॉफी (B) संतोष ट्रॉफी
(C) थॉमस ट्रॉफी (D) दिलीप ट्रॉफी
R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(B)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

4. 'रोवर्स कप' का सम्बन्ध है-
(A) टेनिस से (B) वालीबाल से
(C) फुटबाल से (D) बास्केटबाल से
R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2002
R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.C./C.C./J.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(C)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

5. भारतीय फुटबाल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया किस अंग्रेज क्लब के लिए खेलता है?
(A) मैन्चेस्टर यूनाइटेड (B) लिवरपूल
(C) बरी (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. पटना (G.G.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(C)

व्याख्या- प्रश्नकाल में भारत के प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया इंगलैण्ड के बरी क्लब से खेलने वाले प्रथम भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने किसी विदेशी क्लब से खेला। वर्तमान में यह संन्यास ले चुके हैं।

6. बाइचुंग भूटिया किस खेल के प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
(A) हॉकी (B) फुटबाल
(C) टेनिस (D) क्रिकेट
R.R.B. कोलकाता (डी./इले./असि. लोको पाय.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(B)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

7. अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल क्लब के लिए खेलने वाला एकमात्र भारतीय फुटबाल खिलाड़ी कौन है?
(A) आई. एम. विजयन (B) बाइचुंग भूटिया
(C) परगट सिंह (D) धनराज पिल्ले
R.R.B. गुवाहाटी (सुपरवाइजर) परीक्षा, 2005

उत्तर-(B)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

8. **किस राज्य ने हैदराबाद में आयोजित 32वें राष्ट्रीय खेलों में महिला फुटबाल का स्वर्ण पदक जीता?**
(A) मणिपुर (B) बंगाल
(C) केरल (D) गोवा
**R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-** 13 दिसम्बर, 2002 को हैदराबाद में आयोजित महिला फुटबाल प्रतियोगिता में मणिपुर ने बंगाल को हराकर जीता। रांची में आयोजित 34वें राष्ट्रीय खेलों में महिला फुटबाल प्रतियोगिता ओडिशा ने मणिपुर को पराजित कर जीती।

9. **महिला विश्व कप फुटबाल, 1999 की विजेता कौन है?**
(A) यू.एस.ए. (B) चीन
(C) जर्मनी (D) ब्राजील
**R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-** महिला विश्व कप फुटबाल 1999 की विजेता जर्मनी की टीम थी। इस संदर्भ में 2011 के विश्व कप की विजेता टीम जापान है।

10. **भारतीय राष्ट्रीय टीम के वर्तमान फुटबाल कोच कौन हैं?**
(A) अल्बर्टो कोलैको (B) सुखविंदर सिंह
(C) पी.के. बनर्जी (D) स्टीफेन कोंस्टेंटिन
**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-** भारतीय राष्ट्रीय फुटबाल टीम के तत्कालीन प्रशिक्षक **पी.के. बनर्जी** थे। वर्तमान में विम कोएवर्मांस को नया प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री हैं।

11. **'कोपा अमेरिका' कप किस खेल से सम्बन्धित है?**
(A) फुटबाल (B) बास्केटबाल
(C) क्रिकेट (D) बैडमिंटन
**R.R.B. सिकन्दराबाद (T.A.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-** **'कोपा अमेरिका कप'** फुटबाल से सम्बन्धित है। 2004 का कोपा कप ब्राजील ने अर्जेण्टीना को हराकर जीता। 2011 का कोपा कप उरुग्वे ने 3-0 से पराग्वे को पराजित कर जीत लिया।

12. **किस देश ने यूरो-2004 की फुटबाल चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीत ली है?**
(A) स्पेन (B) यूनान
(A) पुर्तगाल (D) इंग्लैण्ड
**R.R.B. रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-** जुलाई, 2004 में पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में खेले गये फुटबाल के यूरो कप मैच के फाइनल में यूनान (ग्रीस) ने मेजबान पुर्तगाल को हराकर यूरो, 2004 का खिताब जीता। 2012 का यूरो कप स्पेन ने इटली को हराकर जीता।

13. **किस टीम ने वर्ष 2004 की राष्ट्रीय फुटबाल लीग प्रतियोगिता जीती है?**
(A) मोहन बागान (B) डेंपो
(C) सलगावकर (D) ईस्ट बंगाल
**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-** अप्रैल-मई, 2004 में सम्पन्न 8वीं, राष्ट्रीय फुटबाल लीग का खिताब भारत की 'रियाल मैड्रिड टीम' कही जाने वाली 'ईस्ट बंगाल' की टीम ने डेम्पो स्पोर्ट्स क्लब, गोवा को हराकर जीत लिया।

14. **'ड्रिबिल' निम्न में से किससे संबंधित है ?**
(A) टेनिस (B) क्रिकेट
(C) फुटबाल (D) बेसबाल
**R.R.B.कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-** ड्रिबिल या ड्रिब्लिंग (Dribbling) गेंद को नियंत्रण में रखने की एक कला है। इसका प्रयोग मुख्यतया फुटबाल, हॉकी, बास्केट बाल तथा वाटर पोलो में करते हैं।

15. **सन् 1998 में कौन-सा देश विश्व फुटबाल कप जीता था ?**
(A) ब्राजील (B) जर्मनी
(C) इटली (D) फ्रांस
**R.R.B.कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-** विश्व कप फुटबाल 1998, 10 जून से 12 जुलाई, 1998 के मध्य फ्रांस में खेला गया। फाइनल में फ्रांस ने ब्राजील को 3-0 से हराकर विश्व कप जीत लिया। 1978 के बाद वह पहला आयोजनकर्ता देश बना जिसने प्रतियोगिता जीती हो। इससे पूर्व 1978 में अर्जेंटीना ऐसा कर चुकी थी। 2010 का यह खिताब स्पेन ने जीता।

16. **मोहन बगान संबंधित है, निम्न से-**
(A) हॉकी
(B) सॉकर
(C) दौड़
(D) क्रिकेट
**R.R.B.जम्मू(A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-** भारत का सबसे पुराना फुटबाल (Soccer) क्लब 'मोहन बगान एथलेटिक क्लब' (Mohan Bagan AC) है, जो कि वर्तमान में पश्चिम बंगाल में स्थित है। दूसरा मुख्य क्लब 'ईस्ट बंगाल क्लब' है। भारत में फुटबाल खेल की प्रशासनिक जिम्मेदारी 'ऑल इण्डिया फुटबाल फेडरेशन' (AIFF) की है।

17. **फीफा (FIFA) विश्व कप, 2006 में गोल्डेन बाल अवार्ड किसे दिया गया ?**
(A) रोनाल्डो (B) क्लोज
(C) जिडान (D) रोनाल्डिहो
**R.R.B कोलकाता (T.C.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(C)**

व्याख्या– 18वां विश्व कप फुटबाल (अधिकृत नाम 2006 फीफा वर्ल्ड कप जर्मनी TM) जर्मनी में 9 जून से 9 जुलाई, 2006 के मध्य संपन्न हुआ। इसमें 32 टीमों ने भाग लिया था। इटली ने फ्रांस को फाइनल में हराकर विश्व कप फुटबाल 2006 अपने नाम कर लिया। फ्रांस के खिलाड़ी जिनेडिन जिडान (Zinedine Zidane) को 'टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का गोल्डेन बॉल अवार्ड प्रदान किया गया। ध्यातव्य है कि फाइनल मैच के बाद जिनेडिन जिडान ने खेल से संन्यास ले लिया। 2010 के विश्व कप में यह अॅवार्ड डिएगो फोरलैन (उरूग्वे) को दिया गया।

18. फीफा FIFA विश्व कप, 2006 कहां खेले गये थे ?
(A) जर्मनी (B) फ्रांस
(C) स्पेन (D) यू.के.
R.R.B.कोलकाता (T.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(A)

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

19. निम्नलिखित में कौन सी जोड़ी एक ही खेल के दो अलग नामों की है ?
(A) बॉलीबाल-स्क्वैश (B) बिलियड्‌र्स-स्नूकर
(C) सॉकर-फुटबाल (D) गोल्फ-पोलो
R.R.B.अजमेर (G.G.) परीक्षा, 2006
R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या– निर्विवाद रूप से फुटबाल विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय खेल स्पर्धा है। फुटबाल सदृश अन्य खेल भी हैं, जैसे- स्पीडबाल, गेलिक फुटबाल, ऑस्ट्रेलियाई नियम फुटबाल, अमेरिकी फुटबाल, कनाडियन फुटबाल आदि। फुटबाल के उपर्युक्त प्रकार जहाँ सीमित देशों और उनके विशेष क्षेत्रों में ही लोकप्रिय हैं, वहीं सॉकर (अर्थात वास्तविक फुटबाल खेल) विश्व में लगभग 150 देशों में खेला जाता है। इस खेल में प्रयुक्त होने वाली बाल को पैरों (Foot) से खेलने के कारण ही फुटबाल कहा जाता है।

20. सर्वाधिक बार विश्व कप फुटबाल जीतने वाला देश कौन है?
(A) फ्रांस (B) ब्राजील
(C) इटली (D) अर्जेंटाइना
R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(B)

व्याख्या– सर्वाधिक पांच बार (1958, 1962, 1970, 1994 एवं 2002) में ब्राजील ने फुटबाल विश्व कप जीता है।

21. विश्व फुटबाल कप किस देश में 2010 में होगा?
(A) दक्षिण अफ्रीका (B) ब्रिटेन
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) चीन
R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(A)

व्याख्या–विश्व फुटबाल कप 2010 का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में 11 जून से 11 जुलाई, 2010 के मध्य संपन्न हुआ। इसका शुभंकर (Mascot) जाकुमी (Zakumi) था। फाइनल में स्पेन ने नीदरलैंड्स को 1-0 से पराजित कर फुटबाल विश्व कप जीत लिया। 2014 का फुटबाल विश्व कप ब्राजील में होगा।

22. जाकुमी इनमें से कौन सी प्रतियोगिता का मास्कट है?
(A) कॉमनवेल्थ गेम्स 2009 (B) सार्क गेम्स 2009
(C) राष्ट्रीय गेम्स 2009 (D) फीफा वर्ल्ड कप 2010
R.R.B. कोलाकाता (A.A.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(D)

व्याख्या–उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

## ❑ बास्केटबाल/वॉलीबाल

1. किस राज्य ने हैदराबाद में आयोजित 32वें राष्ट्रीय खेलों में महिला बॉस्केटबाल का स्वर्ण पदक जीता?
(A) छत्तीसगढ़ (B) बिहार
(C) पश्चिम बंगाल (D) झारखंड
R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2002

उत्तर–(A)

व्याख्या– महिला बास्केटबाल का स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ ने जीता है। फरवरी, 2011 में झारखंड में संपन्न 34वें राष्ट्रीय खेलों में महिला बास्केटबाल का स्वर्ण तमिलनाडु ने छत्तीसगढ़ को पराजित कर जीता है। पुरुषों का स्वर्ण पदक पंजाब ने उत्तराखंड को पराजित कर जीता।

2. बास्केटबाल खेल में कितने खिलाड़ियों से एक टीम बनती है?
(A) 11 (B) 9
(C) 5 (D) 8
R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2005
R.R.B. महेन्द्रूघाट, पटना (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(C)

व्याख्या– बास्केटबाल के खेल में प्रत्येक टीम पांच खिलाड़ियों से बनती है। बेसबॉल तथा खो-खो में प्रत्येक टीम में 9 खिलाड़ी, क्रिकेट, हॉकी व फुटबाल में प्रत्येक टीम 11 खिलाड़ियों से बनती है।

3. वॉलीबाल के खेल में खिलाड़ी किसके बाद अपना स्थान बदल सकता है?
(A) शुरू में (B) सर्विस के दौरान
(C) प्रत्येक एक मिनट पर (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(B)

व्याख्या– वालीबॉल में खिलाड़ी सर्विस कोर्ट के बाहर से स्थान बदलकर तुरन्त कोर्ट के अन्दर आता है।

## ❑ बिलियड्‌र्स/स्नूकर

1. सन् 1981 में कौनसा खिलाड़ी 'बिलियर्ड में सबसे कम उम्र का राष्ट्रीय चैम्पियन' से सम्मानित किया गया था?
(A) मनोज कोठारी (B) विल्सन जोन्स
(C) माइकल फरेरा (D) गीत सेठी
R.R.B. सिकन्दराबाद (G.G.) परीक्षा, 2001
R.R.B. कोलकाता (G.G/E.C.R.C.) मुख्या परीक्षा, 2012

उत्तर–(D)

व्याख्या– गीत सेठी को 1981 में सबसे कम उम्र का 'राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैम्पियन' के सम्मान से पुरस्कृत किया गया। गीत सेठी ने कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जीती हैं।

**2. यासिन मर्चेंट निम्नलिखित में से किस खेल से सम्बद्ध हैं?**

(A) बैडमिंटन (B) गोल्फ

(C) हॉकी (D) स्नूकर

**R.R.B. चंडीगढ़ (T.A./C.A./S.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–यासीन मर्चेंट भारत के प्रथम पेशेवर (Professional) स्नूकर खिलाड़ी हैं। वह तीन बार राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप (2001, 2000 एवं 1991) जीत चुके हैं।

**3. विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप विजेता कौन है?**

(A) पंकज आडवाणी

(B) सतीश अग्रवाल

(C) एडोल्फ एण्ड्रूज

(D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. चंडीगढ़ (Stenographer) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–पंकज आडवाणी विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप विजेता भारतीय बिलियर्ड्स और स्नूकर खिलाड़ी हैं।

**4. निम्नलिखित में से बिलियर्ड्स का खिलाड़ी कौन सा है?**

(A) प्रकाश पादुकोणे (B) टी. विजय राघवन

(C) माइकेल फरेरा (D) मंजीत दुआ

**R.R.B. पटना (G.G.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– माइकेल फरेरा, अशोक शांडिल्य, शिवकपूर बिलियर्ड्स के प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि प्रकाश पादुकोणे बैडमिंटन से संबंधित हैं।

**5. माइकल फरेरा का नाम जुड़ा है-**

(A) शतरंज (B) बिलियर्ड्स

(C) वॉलीबाल (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. चेन्नई (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**R.R.B. गोरखपुर (डी./इले./अ.लोको पायलट) परीक्षा, 2005**

**R.R.B. कोलकाता (E.R.C./C.A./T.A./A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**R.R.B. महेन्द्रूघाट, पटना (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**R.R.B. इलाहाबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**6. शब्द 'क्यू' का सम्बन्ध किस खेल से है?**

(A) हॉकी (B) फुटबाल

(C) बिलियर्ड्स (D) क्रिकेट

**R.R.B. जम्मू (T.C.) परीक्षा, 2001**

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– 'क्यू' शब्द का सम्बन्ध बिलियर्ड्स से है। चाइनामैन शब्द क्रिकेट से, 'स्कूप' हॉकी से तथा 'एबी' शब्द फुटबाल से सम्बन्धित है।

**7. 'केनान' (Cannon) शब्द........से सम्बन्धित है.**

(A) स्नूकर (B) बिलियर्ड्स

(C) गोल्फ (D) हॉकी

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– 'केनान' शब्द बिलियर्ड्स खेल से सम्बन्धित है। 'केनान' उस स्थिति को कहते हैं, जब खिलाड़ी की गेंद 'क्यू' से लगकर शेष दोनों गेंदों से टकराकर लगती है। 'केनान' की स्थिति में खिलाड़ी को दो अंक प्राप्त होते हैं। गीत सेठी भारत के विश्व प्रसिद्ध बिलियर्ड्स खिलाड़ी हैं।

**8. गीत सेठी का किस खेल से सम्बन्ध है?**

(A) टेनिस (B) टेबल टेनिस

(C) गोल्फ (D) बिलियर्ड्स

**R.R.B. चंडीगढ़ परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

## ❑ टेनिस

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द टेनिस से संबंधित है?**

(A) AT & T चैलेंज (B) बार्सीलोना ओपेन

(C) मौन्टे-कार्लो ओपेन (D) उपरोक्त सभी

**R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या–उपरोक्त सभी लॉन टेनिस की प्रतियोगिताएं हैं।

**2. इस साल विम्बलडन में मेन्स सिंगल का टाईटल किसने जीता?**

(A) रोजर फेडरर (B) रिफाइल निदाल

(C) एन डी रोडिक (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. चंडीगढ़ (T.A./C.A./G.G./A.S.M.) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या–वर्ष 2012 का विम्बलडन पुरुष एकल खिताब स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने ब्रिटेन के एंडी मरे को पराजित कर जीता था। वर्ष 2013 का विम्बलडन पुरुष एकल खिताब एंडी मरे ने सर्बिया के नोवाक जोकोविक को पराजित कर जीता है।

**3. मार्टिना हिंगिस कौन हैं?**

(A) फुटबाल खिलाड़ी (B) अभिनेत्री

(C) नर्तक (D) टेनिस खिलाड़ी

**R.R.B. भोपाल (Tr. Clerk) परीक्षा, 2003**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या– मार्टिना हिंगिस लॉन टेनिस से सम्बन्धित खिलाड़ी हैं। स्विट्जरलैण्ड की इस महिला खिलाड़ी ने विम्बलडन, अमेरिकन, फ्रेंच और ऑस्ट्रेलियन ओपेन सहित सभी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताएँ जीती हैं।

**4. खेलों में शब्द 'स्मैश' किससे नहीं जुड़ा है?**

(A) वॉलीबाल (B) हॉकी

(C) लॉन टेनिस (D) बैडमिंटन

**R.R.B. सिकन्दराबाद (G.G) परीक्षा, 2001**

**R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या- 'स्मैश' शब्द लान टेनिस, वॉलीबाल तथा बैडमिंटन तीनों से जुड़ा है। जबकि 'सडेनडेथ' हॉकी में प्रयुक्त होने वाला शब्द है।

5. 'स्मैश' शब्द किस खेल से जुड़ा है-
(A) वालीबाल (B) हॉकी
(C) लॉन टेनिस (D) बैडमिंटन
R.R.B. कोलकाता (G.G/E.C.R.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

उत्तर-(*)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

6. निम्नलिखित में से कौनसी टेनिस प्रतियोगिता 'ग्रैन्ड स्लैम' में सम्मिलित नहीं है?
(A) फ्रेंच ओपन (B) यू.एस. ओपन
(C) विम्बलडन (D) गोल्ड फ्लैक ओपन
R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(D)

व्याख्या- 'ग्रैंड स्लैम' के अंतर्गत चार अन्तर्राष्ट्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिताएं क्रमानुसार आती हैं-ऑस्ट्रेलियाई ओपन, यू.एस. ओपन, फ्रेंच ओपन तथा विम्बलडन। गोल्ड फ्लैक ओपन,'ग्रैंडस्लैम' में शामिल नहीं है।

7. विम्बलडन ट्रॉफी किस खेल से सम्बन्धित है?
(A) गोल्फ (B) लॉन टेनिस
(C) क्रिकेट (D) फुटबाल
R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(B)

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

8. ग्रैंड स्लैम घास के मैदान में खेली जाती है-
(A) फ्रेंच ओपन (B) विम्बलडन
(C) यू.एस. ओपन (D) ऑस्ट्रेलियन ओपन
R.R.B. कोलकाता (T.A.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(B)

व्याख्या-उपर्युक्त टेनिस की चारों ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में से विम्बलडन घास के मैदान पर खेली जाती है।

9. यू.एस.ए. का 'पीट सम्प्रास' किस खेल में विश्व का शिखर खिलाड़ी है?
(A) टेनिस (B) बैडमिंटन
(C) बेसबाल (D) बास्केटबाल
R.R.B. जम्मू (J.C.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(A)

व्याख्या- पीट सम्प्रास यू.एस.ए. के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी थे। माइकल जॉर्डन अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध बास्केटबाल खिलाड़ी हैं।

10. 'सानिया मिर्जा' किस खेल की उभरती सितारा हैं?
(A) एथलेटिक्स की (B) बैडमिंटन की
(C) टेनिस की (D) शतरंज की
(E) निशानेबाजी की
R.R.B. कोलकाता (डी./इले./असि. लोको पाय.) परीक्षा, 2005
R.R.B. कोलकाता (डी./इले./असि. लोको पाय./पी.बी.टी.) परीक्षा, 2005
R.R.B. जम्मू (C.C.) परीक्षा, 2006
R.R.B. अहमदाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(C)

व्याख्या- सानिया मिर्जा भारत की उभरती हुई महिला टेनिस सितारा हैं। सानिया 2004-2005 में तीन महिला अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस खिताब जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। अंजू बाबी जॉर्ज एथलेटिक्स (लम्बी कूद) की, अंजली भागवत निशानेबाजी की अपर्णा पोपट बैडमिंटन की तथा कोनेरू हम्पी शतरंज की प्रसिद्ध भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

11. भारत की प्रसिद्ध खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने किस खेल में देश का नेतृत्व किया था?
(A) फुटबाल में (B) हॉकी में
(C) ऐथलेटिक्स में (D) बैडमिंटन में
(E) टेनिस में
R.R.B. कोलकाता (डी./इले./असि. लोको पाय./पी.बी.टी.) परीक्षा, 2005

उत्तर-(E)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

12. विम्बल्डन, 2003 ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीतकर 16 वर्षीया सानिया मिर्जा ने इतिहास बनाया। उसका सह-खिलाड़ी कौन था?
(A) अलिसा क्लेबानोवा (B) कैटेरिना बोहेमोवा
(C) माइकेल क्राजिसेक (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(A)

व्याख्या- विम्बल्डन ओपन टेनिस चैम्पियनशिप, 2003 का बालिका वर्ग का युगल खिताब भारत की 16 वर्षीया सानिया मिर्जा ने रूस की अलिसा क्लेबानोवा के साथ जोड़ी बनाकर जीता। सानिया मिर्जा किसी ग्रैण्ड स्लेम टेनिस स्पर्धा का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी हैं।

13. 26 जनवरी, 2008 में मेलबोर्न में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन 2008 का महिला एकल (सिंगल्स) का खिताब किसने जीता?
(A) मारिया शारापोवा (B) अना इवानोविक
(C) मार्टिना हिंगिस (D) वीनस विलियम
R.R.B. अजमेर (E.C.R.C.) परीक्षा, 2008
R.R.B. इलाहाबाद (C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(A)

व्याख्या-प्रश्नकाल में ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता रूस की मारिया शारापोवा थी। 2013 में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका इसकी विजेता हैं।

14. 'डेविस कप' का किस खेल से सम्बन्ध होता है?
(A) लॉन टेनिस (B) बैडमिंटन
(C) शतरंज (D) टेबल टेनिस
R.R.B. मुंबई (E.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(A)

व्याख्या- डेविस कप का सम्बन्ध लॉन टेनिस से है। डेविस कप पहली बार 1900 ई. में आयोजित हुआ था।

15. 2008 का फ्रांसीसी ओपन महिला विजेता कौन है?
(A) दिनारा सफीना (B) एना इवानोविक
(C) वीनस विलियम्स (D) सेरेना विलियम्स
R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(B)

व्याख्या–सर्बिया की एना इवानोविक ने फ्रांसीसी ओपन, 2008 का महिला एकल खिताब रूस की दिनारा सफीना को पराजित कर जीता था। 2013 का यह खिताब सेरेना विलियम्स (अमेरिका) ने मारिया शारापोवा (रूस) को पराजित कर जीता।

**16. मारिया शारापोवा को आप किससे सम्बन्धित करेंगे?**

(A) तैराकी (B) टेनिस

(C) बैडमिंटन (D) पॉप संगीत

**R.R.B. अहमदाबाद (T.A.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–** रूस की मारिया शारापोवा अंतर्राष्ट्रीय टेनिस की उभरती हुई महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। शारापोवा ने 2004 में ग्रैंड स्लैम का विम्बल्डन महिला एकल खिताब अमेरिका की सेरेना विलियम्स को हराकर जीता था।

**17. 2008 यू.एस. टेनिस विजेता (अमेरिकी ओपन 2008) का एकल खिताब (महिला) किसने जीता?**

(A) वीनस विलियम्स

(B) सेरेना विलियम्स

(C) शारापोवा

(D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. चंडीगढ़ (Stenographer) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–यू.एस. ओपन, 2008 का खिताब अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने सर्बिया की जेलेना जाकोविक को पराजित कर जीता था। 2013 का यह खिताब अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने विक्टोरिया अजारेंका (बेलारूस) को पराजित कर जीता।

**18. 'ग्रैंड स्लैम' किस खेल से सम्बन्धित हैं?**

(A) शतरंज (B) टेनिस एवं ब्रिज

(C) बैडमिंटन (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005**

**R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या–** 'ग्रैंड स्लैम' शब्द टेनिस एवं ब्रिज खेलों से सम्बन्धित है।

**19. ग्रैंड स्लेम प्रतियोगिता को जीतने वाला प्रथम भारतीय टेनिस खिलाड़ी है–**

(A) रामनाथन कृष्णन् (B) महेश भूपति

(C) रमेश कृष्णन् (D) लिएन्डर पेस

**R.R.B. कोलकाता (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–** वर्ष 1954 में भारत के रामनाथन कृष्णन ने सर्वप्रथम विम्बलडन का जूनियर वर्ग का खिताब जीता था।

**20. भारतीय मूल की उभरती हुई महिला टेनिस खिलाड़ी हैं-**

(A) अपर्णा पोपट (B) अंजलि भागवत

(C) के. मल्लेश्वरी (D) शिखा ओबराय

(E) अंजू बॉबी जार्ज

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** भारतीय मूल की अमेरिकी खिलाड़ी शिखा ओबराय टेनिस की उभरती हुई खिलाड़ी हैं। शिखा ओबराय ने भारत की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिताओं में भाग लेने का फैसला ले लिया है। अपर्णा पोपट बैडमिंटन, अंजली भागवत निशानेबाज़ी, अंजू बॉबी जॉर्ज एथलेटिक्स (लम्बी कूद) तथा के. मल्लेश्वरी भारोत्तोलन की भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

**21. वह महिला टेनिस खिलाड़ी जिसने महिला चैम्पियनशिप उपाधियों की सर्वाधिक संख्या का रिकॉर्ड बनाया है-**

(A) स्टेफी ग्राफ (B) क्रिस एवर्ट लायड

(C) मार्तिना नवरातिलोवा (D) लिंडसे डेवेनपोर्ट

(E) बिली जीन किंग

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या–** अमेरिका (जर्मनी मूल) की महिला टेनिस खिलाड़ी स्टेफी ग्राफ ने सर्वाधिक संख्या में महिला अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिताब जीतने का रिकॉर्ड बनाया। स्टेफी ग्राफ को 'हाल ऑफ फेम' टेनिस पुरस्कार दिया गया है। स्टेफी ग्राफ ने अब अंतर्राष्ट्रीय टेनिस से अवकाश ले लिया है।

**22. वर्ष का प्रथम ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट कौन-सा होता है ?**

(A) इटैलियन ओपन (B) यू. एस. ओपन

(C) फ्रेंच ओपन (D) ऑस्ट्रेलियन ओपन

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट वार्षिक रूप से जनवरी के अंतिम पखवारे में आयोजित होने वाला वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है।

**23. 'डबल फाल्ट' किस खेल से संबंधित है ?**

(A) फुटबॉल (B) रग्बी

(C) टेनिस (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B.चंडीगढ़ (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006**

**R.R.B.भोपाल (T.C./C.C./J.C.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या–** 'डबल फाल्ट' टेनिस से संबंधित है। टेनिस से संबंधित प्रमुख शब्दावलियां हैं-लव, ड्यूस, सर्विस, फॉल्ट, रिटर्न आदि।

**24. 'क्रिस एवर्ट' किसकी प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं ?**

(A) हॉकी (B) क्रिकेट

(C) वालीबाल (D) टेनिस

**R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या–** Christine Marie Evert (क्रिस एवर्ट) अमेरिका (U.S.) की भूतपूर्व विश्व नं. 1 टेनिस खिलाड़ी हैं। अपने पूरे कॅरियर में इन्होंने कुल 18 ग्रैण्ड स्लैम (Grand Slam) जीते हैं।

25. इनमें से किसको अंतर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन द्वारा 2004 में वर्ल्ड चैंपियन ऑफ टेनिस (पुरुष) घोषित किया गया है ?
(A) रोजर फेडरर (स्विट्जरलैंड)
(B) कारलोस मोया (स्पेन)
(C) आंद्रे अगासी (यू.एस.ए.)
(D) मरात साफिन (रूस)
D.M.R.C. (स्टेशन प्रबंधक) परीक्षा, 2005

उत्तर–(A)

व्याख्या– रोजर फेडरर, स्विट्जरलैंड के टेनिस प्लेयर हैं, जो 2 फरवरी, 2004 से 12 मार्च, 2007 तक विश्व के नं. 1 की पदवी पर आसीन रहे।

26. रोजर फेडरर का संबंध किस खेल से है ?
(A) फुटबाल (B) हॉकी
(C) क्रिकेट (D) टेनिस
R.R.B.चेन्नई (T.A./C.A./E.C.R.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर–(D)

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

27. मर्सिडीज कप किस खेल से सम्बन्धित है?
(A) फुटबाल (B) लॉन टेनिस
(C) गोल्फ (D) बैडमिंटन
R.R.B. भोपाल (T.C.) परीक्षा, 2005

उत्तर–(B)

व्याख्या– 'मर्सिडीज कप' लॉन टेनिस से सम्बन्धित है। टेनिस से सम्बद्ध अन्य कप हैं- डेविस कप, हापमैन कप, क्रेमलिन कप, सिटीजंस कप, इवर्ट कप, हेमलेट चैलेंज कप, सालेम कप आदि।

28. किस पुरुष टेनिस खिलाड़ी ने हाल ही में 15 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की उपलब्धि अर्जित की?
(A) पीट सम्प्रास (B) रोजर फेडरर
(C) एंडी रॉडिक (D) ब्योर्न बोर्ग
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2010

उत्तर–(B)

व्याख्या– स्विस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 2012 में विम्बल्डन ओपन के रूप में अपना 17वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। फेडरर ने अपना 15वां ग्रैंड स्लैम 2009 में विम्बलडन के रूप में ही जीता था।

29. 2009 के यू.एस. ओपन में 'पुरुष एकल' का खिताब किस देशवासी ने जीता?
(A) यू.एस.ए. (B) अर्जेन्टीना
(C) स्विट्जरलैण्ड (D) फ्रांस
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2010

उत्तर–(B)

व्याख्या– वर्ष 2009 के यू.एस. ओपन में पुरुष एकल का खिताब अर्जेन्टीना के जॉन मार्टिन डेल पोट्रो ने रोजर फेडरर को हराकर जीता था। 2013 का यह खिताब स्पेन के राफेल नडाल ने जीता।

30. वर्ष 2012 में ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
(A) एण्डी रोडिक (B) रोजर फेडरर
(C) डेविड नैल्बेन्डियन (D) नोवाक जोकोविच
R.R.B. जम्मू-श्रीनगर (Stenographer) परीक्षा, 2012

उत्तर–(D)

व्याख्या–ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष एकल प्रतियोगिता का खिताब लगातार पिछले तीन वर्षों से सर्बिया के नोवाक जोकोविच जीत रहे हैं। वर्ष 2011 एवं 2013 का खिताब उन्होंने ब्रिटेन के एंडी मरे और वर्ष 2012 का खिताब स्पेन के राफेल नडाल को पराजित कर जीता है।

31. 2010 में ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
(A) एन्डी रोडिक
(B) रोजर फेडरर
(C) डेविड नैल्बैन्डियन
(D) पीट सम्प्रास
R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2010

उत्तर–(B)

व्याख्या– 2010 के ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल विजेता रोजर फेडरर हैं। फेडरर ने ब्रिटेन के एण्डी मरे को पराजित किया।

32. विम्बलडन 2009 की महिला सिंगल्स की चैम्पियन कौन हैं?
(A) वीनस विलियम्स (B) सेरेना विलियम्स
(C) साइना नेहवाल (D) सानिया मिर्जा
R.R.B. गोरखपुर (E.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(B)

व्याख्या– विम्बलडन 2009 की महिला एकल विजेता सेरेना विलियम्स थीं। सेरेना ने अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स को पराजित कर खिताब जीता। दोनों बहनें अमेरिकी नागरिक हैं। 2013 का यह खिताब मारियन बार्तोली (फ्रांस) ने जीता।

33. ऑस्ट्रेलिया ओपन टेनिस चैम्पियनशिप, 1997 का महिला एकल (वूमन सिंगल) टाइटल किसने जीता था?
(A) स्टेफी ग्राफ (B) मार्टिना हिंगिस
(C) मैरी पियर्स (D) जेने नवोत्ना
R.R.B. जम्मू (J.C.) परीक्षा, 2001

उत्तर–(B)

व्याख्या– ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस चैम्पियनशिप, 1997 का महिला एकल (वूमन सिंगल्स) का खिताब 'मार्टिना हिंगिस' ने जीता।

## ❑ हॉकी

1. रंगास्वामी कप किस खेल से संबंधित है?
(A) फुटबाल (B) हॉकी
(C) क्रिकेट (D) टेनिस
R.R.B. जम्मू-श्रीनगर (Stenographer) परीक्षा, 2012

उत्तर–(B)

व्याख्या–रंगास्वामी कप भारत की राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप (पुरुष) है। मई, 2013 में कर्नाटक ने उत्तर प्रदेश को पराजित कर रंगास्वामी कप जीता था।

2. वर्ल्ड कप हॉकी 2010 में भारत का स्थान क्या था?
(A) दूसरा (B) दसवां
(C) आठवां (D) सातवां
R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010

उत्तर–(C)

व्याख्या–वर्ल्ड कप हॉकी 2010 में भारत का आठवां स्थान था।

3. चैंपियंस ट्रॉफी का संबंध किस खेल से है?

(A) कबड्डी (B) हॉकी

(C) फुटबाल (D) टेनिस

R.R.B. पटना (T.A./C.C./J.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

उत्तर–(B)

व्याख्या–चैंपियंस ट्रॉफी का संबंध हॉकी खेल से है। चैंपियंस ट्रॉफी 2012 के विजेता इस प्रकार हैं-

| | | |
|---|---|---|
| पुरुष | विजेता | ऑस्ट्रेलिया |
| | उपविजेता | नीदरलैंड्स |
| महिला | विजेता | अर्जेंटीना |
| | उपविजेता | ब्रिटेन |

4. सन् 2003 जून में सिडनी में हुए तीन राष्ट्र निमंत्रण हॉकी विजेता देश का नाम बताइए-

(A) पाकिस्तान (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) दक्षिण कोरिया (D) भारत

R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2004

उत्तर–(D)

व्याख्या– भारत, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच जून-2003 में सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में हुए त्रिदेशीय निमंत्रण हॉकी टूर्नामेण्ट के फाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5-3 से हराकर टूर्नामेण्ट जीत लिया।

5. 2010 में महिला विश्व कप हॉकी का आयोजन किस देश में किया जाएगा?

(A) भारत (B) यू.एस.ए.

(C) अर्जेंटीना (D) कुवैत

R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G) परीक्षा, 2003

R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या– 2010 में महिला विश्व कप हॉकी का आयोजन अर्जेंटीना में किया गया। 2014 में इस प्रतियोगिता का आयोजन नीदरलैंड्स में होगा।

6. एशिया हॉकी कप 2007 की विजेता भारतीय टीम का कैप्टन कौन था?

(A) प्रभजोत सिंह (B) दिलीप टिर्की

(C) प्रबोध टिर्की (D) इग्नेशियस टिर्की

R.R.B. कोलकाता (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या– 2007 का पुरुषों का हॉकी एशिया कप जीतने वाली टीम के कप्तान प्रबोध टिर्की (Tirkey) थे।

7. 'रोलआन इन' शब्द किस खेल से सम्बन्धित है?

(A) क्रिकेट (B) गोल्फ

(C) बैडमिन्टन (D) हॉकी

R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(D)

व्याख्या– 'रोलआन इन' शब्द हॉकी से संबंधित है।

8. अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी मैच की अवधि क्या है?

(A) 90 मिनट (B) 70 मिनट

(C) 60 मिनट (D) 80 मिनट

R.R.B. सिकन्दराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2005

R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001

R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(B)

व्याख्या– हॉकी दो टीमों का खेल है। प्रत्येक टीम में 11-11 खिलाड़ी होते हैं। खेल 35-35 मिनट के दो भागों में होता है। टीमें 'हॉफ टाइम' (5 से 10 मिनट की अवधि) के दौरान पाला बदल लेती हैं। परंतु अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने 20 मार्च, 2014 को हॉकी की संरचना में बड़े परिवर्तन की घोषणा की। अब हॉकी में 35 मिनट के दो हाफ के स्थान पर 15 मिनट के चार क्वार्टर होंगे। पहले एवं तीसरे क्वार्टर के बाद 2 मिनट का ब्रेक दिया जाएगा।

9. 2007 एशिया कप हॉकी के फाइनल में भारत ने किस देश को पराजित किया?

(A) पाकिस्तान (B) मलेशिया

(C) दक्षिण कोरिया (D) कुवैत

R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या– सितम्बर, 2007 में सम्पन्न एशिया कप हॉकी का फाइनल भारत ने दक्षिण कोरिया को 7–2 से पराजित कर जीता। 2011 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पराजित कर यह प्रतियोगिता जीती। 2013 का फाइनल द. कोरिया ने भारत को पराजित कर जीता।

10. जुलाई 2008 में भारत ने ......... जूनियर एशिया कप हॉकी जीता?

(A) छठा (B) सातवां

(C) आठवां (D) नौवां

R.R.B. कोलकाता (असि. लोको पाय.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(A)

व्याख्या–जुलाई, 2008 में भारत ने द. कोरिया को 3-2 से पराजित कर छठवां जूनियर एशिया कप हॉकी जीता।

11. किस वर्ष भारतीय हॉकी दल ने ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीता?

(A) 1988 (B) 1980

(C) 1884 (D) 1976

R.R.B. महेन्द्रूघाट पटना (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर–(B)

व्याख्या– भारत ने 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964, में हॉकी का स्वर्ण जीता था। भारतीय हॉकी दल ने 1980 के मॉस्को ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीता था। ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने का भारतीय हॉकी टीम का यह अन्तिम अवसर था। इसके बाद किसी भी ओलम्पिक में भारतीय हॉकी टीम कोई भी पदक नहीं प्राप्त कर पायी। मास्को ओलम्पिक के पूर्व भारतीय हॉकी टीम ने 7 बार स्वर्ण 1 बार रजत तथा 2 बार कांस्य पदक ओलम्पिक स्पर्धा में जीता है।

12. ओलम्पिक खेलों में भारत ने हॉकी का स्वर्ण पदक अन्तिम बार कब जीता ?

(A) 1984 ई. में (B) 1980 ई. में
(C) 1988 ई. में (D) 1992 ई. में

R.R.B. कोलकाता (A.S.M.) परीक्षा, 2006
R.R.B. सिकन्दराबाद (T.A.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(B)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

13. भारत का राष्ट्रीय खेल है-

(A) कबड्डी (B) क्रिकेट
(C) हॉकी (D) फुटबाल

R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(C)

व्याख्या- भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी है।

14. आगा खां कप संबद्ध है-

(A) फुटबाल से (B) बैडमिंटन से
(C) कबड्डी से (D) हॉकी से
(E) वॉलीबाल से

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2005
R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(D)

व्याख्या- 'आगा खां कप' भारत की राष्ट्रीय हॉकी की एक प्रतियोगिता है। नेहरू ट्रॉफी, रंगास्वामी कप, बेटन कप, अजलान शाह कप, ओबेदुल्ला कप, लेडी-रतन टाटा ट्रॉफी, ध्यानचन्द्र ट्रॉफी, कप्पूस्वामी ट्रॉफी आदि हॉकी की अन्य महत्त्वपूर्ण ट्रॉफियां हैं। उबेर कप और थॉमस कप बैडमिंटन से, डूरंड कप तथा संतोष ट्रॉफी फुटबाल से और शिवांगी स्वर्ण कप व बी.बी.सी. कप वालीबॉल से संबद्ध हैं।

15. 'नेहरू ट्रॉफी' सम्बन्धित है-

(A) क्रिकेट (B) हॉकी
(C) फुटबाल (D) टेनिस

R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv. परीक्षा, 2004

उत्तर-(B)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

16. 'बेटन कप' किस खेल से संबंधित है ?

(A) हॉकी (B) फुटबाल
(C) वॉलीबाल (D) टेनिस

R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2006
R.R.B. इलाहाबाद (एकाउंट क्लर्क/C.C./T.C.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याखा देखें।

17. "16 गज हिट" पद..........से सम्बन्धित है-

(A) पोलो (B) हॉकी
(C) बेसबॉल (D) बैडमिंटन

R.R.B. बंगलौर (A.S.M.) परीक्षा, 2004

उत्तर-(B)

व्याख्या- "16 गज हिट" पद 'हॉकी' से सम्बन्धित है। पेनाल्टी कार्नर, पेनाल्टी स्ट्रोक, रिवर्स फ्लिक आदि सभी हाकी के मैदान से सम्बन्धित हैं।

# ❑ विविध

1. माइकल फेलप्स जो ओलंपिक तैराक हैं, उसने कितने ओलंपिक तैराकी पदक जीते हैं?

(A) 22 (B) 18
(C) 15 (D) इनमें से कोई नहीं

R.R.B. इलाहाबाद (T.C./Tr.Clerk.) परीक्षा, 2013

उत्तर-(A)

व्याख्या-अमेरिकी तैराक माइकल फेलप्स ने कुल 22 ओलंपिक तैराकी पदक जीते हैं। अब वह खेल से संन्यास ग्रहण कर चुके हैं।

2. 'यू. थांट कप' किस खेल से संबंधित है?

(A) टेबल टेनिस से (B) गोल्फ से
(C) फुटबॉल से (D) विश्व बैडमिंटन (महिला) से

R.R.B. चंडीगढ़ (T.A./C.A./S.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

उत्तर-(A)

व्याख्या-यू. थांट कप (U Thant Cup) टेबल टेनिस से संबंधित है। टेबल टेनिस से संबंधित अन्य प्रमुख कप हैं-बर्ना बेलॉक कप (राष्ट्रीय-पुरुष टीम), पीठापुरम् कप (राष्ट्रीय पुरुष), जयलक्ष्मी कप (राष्ट्रीय-महिला टीम), त्रावणकोर कप (राष्ट्रीय महिला) आदि।

3. 'प्रिन्स ऑफ वेल्स कप' किस खेल से संबंधित है?

(A) फुटबॉल (B) गोल्फ
(C) टेनिस (D) कबड्डी

R.R.B. कोलकाता (G.G./E.C.R.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2012

उत्तर-(B)

व्याख्या-'प्रिन्स ऑफ वेल्स कप' गोल्फ से संबंधित है। गोल्फ से संबंधित अन्य प्रमुख कप एवं ट्रॉफियां हैं-प्रेसीडेंट कप, कनाडा कप, राइडर कप, वाकर कप, वोमुरा ट्रॉफी, आइजन हावर ट्रॉफी, लैन्कोम ट्रॉफी, जॉन हॉपकिंस ट्रॉफी आदि।

4. कुमारी संतोष यादव किस क्षेत्र में सुविख्यात हैं?

(A) व्यायाम (एथलेटिक्स)
(B) तैराकी
(C) कबड्डी
(D) पर्वतारोहण

R.R.B. चंडीगढ़ परीक्षा, 2001

उत्तर-(D)

व्याख्या- कुमारी संतोष यादव विश्व के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर 'माउण्ट एवरेस्ट' पर चढ़ने वाली दूसरी भारतीय महिला हैं। इसके पूर्व यह कारनामा बछेन्द्री पाल ने करके दिखाया था। संतोष यादव दो बार माउण्ट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करके ऐसा करने वाली भारत की प्रथम महिला बन गई हैं। निशा मिलेट तैराकी तथा अंजू बॉबी जॉर्ज एथलेटिक्स की चर्चित भारतीय खिलाड़ी हैं।

5. कबड्डी टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?

(A) 07 (B) 11
(C) 09 (D) 05

R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2001

उत्तर-(A)

व्याख्या– कबड्डी की प्रत्येक टीम में कुल सात खिलाड़ी होते हैं। कबड्डी के मैदान की लम्बाई, चौड़ाई क्रमशः 12.5 मीटर तथा 10 मीटर होती है। फुटबाल, हॉकी, क्रिकेट में प्रत्येक में 11 खिलाड़ी, बेसबाल तथा खो-खो में 9 खिलाड़ी बास्केटबाल में 5 तथा पोलो में 4 खिलाड़ी होते हैं।

**6. जॉकिंग सम्बन्धित है-**

(A) ऊंट दौड़ से (B) घोड़ा दौड़ से
(C) पैदल चलने से (D) कुत्ता दौड़ से

**R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– जॉकिंग घोड़ा दौड़ से सम्बन्धित है। इस दौड़ से सम्बन्धित अन्य शब्द हैं- पंटर, स्टैंड, पैडाक, डिच आदि

**7. निम्नलिखित में से कौनसा खिलाड़ी उसके खेल से सही मिलान नहीं करता?**

(A) ध्यानचन्द-हॉकी
(B) सैय्यद मोदी-बैडमिंटन
(C) लिएण्डर पेस-फुटबाल
(D) बिशन सिंह बेदी-क्रिकेट

**R.R.B. महेन्द्रूघाट, पटना (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– लिएण्डर पेस टेनिस के भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं। लिएण्डर पेस ने 1996 के अटलांटा (U.S.A.) ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतकर रिकॉर्ड कायम किया। ध्यानचंद हॉकी के जादूगर हैं। बिशन सिंह बेदी स्पिन गेंदबाजी के महारथी थे तथा सैय्यद मोदी भारत के राष्ट्रीय बैडमिन्टन खिलाड़ी थे, जिनकी हत्या कर दी गई।

**8. Tour de France नामक लम्बी दौड़ किस स्पोर्टिंग घटना से सम्बन्धित है?**

(A) मोटर कार रेस (B) मोटर साइक्लिंग
(C) फ्रेंच मैराथन (D) साइक्लिंग

**R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या– 'टूर द फ्रांस '(Tour de France) अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिंग खेल स्पर्धा है। कृपाल सिंह, इनियोस डेविस, सुनीता देवी, डोजी डोनियल (भारत), टोनी रोमिंगर (पोलैण्ड), जेनान जारकुला (स्विटजरलैण्ड) तथा अल्वारो मेजिया (कोलम्बिया) साइक्लिंग के प्रमुख खिलाड़ी हैं।

**9. 'जम्पबाल' शब्द निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?**

(A) बेसबॉल (B) नेटबॉल
(C) बास्केटबॉल (D) सॉफ्टबाल

**R.R.B. सिकन्दराबाद (T.A.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– 'जम्पबॉल', बास्केटबॉल से सम्बन्धित शब्द है। गार्ड, ड्रिबल हेल्डगोल आदि इस खेल से सम्बन्धित अन्य शब्द हैं। विलियम टाड कप (राष्ट्रीय पुरुष चैम्पियनशिप), बसालतजाह ट्रॉफी (राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप) तथा बी.सी. गुप्ता ट्रॉफी बास्केटबॉल से ही सम्बन्धित हैं।

**10. टाईगर वुड्स संबंधित है:**

(A) पोलो (B) स्नूकर
(C) गोल्फ (D) टेनिस

**R.R.B. अहमदाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– टाइगर वुड्स, अमेरिका के प्रसिद्ध गोल्फ खिलाड़ हैं।

**11. 'उबेर कप' किस खेल से सम्बन्धित है?**

(A) टेनिस (B) बैडमिंटन
(C) शतरंज (D) क्रिकेट

**R.R.B. त्रिवेन्द्रम (Asst. Driv.) परीक्षा, 2004**
**R.R.B. चंडीगढ़ परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– 'उबेर कप' महिलाओं की विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता है, जबकि थॉमस कप पुरुषों की विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता है। फिडे विश्व कप शतरंज से तथा ग्रैण्ड स्लेम प्रतियोगिता टेनिस से सम्बन्धित है।

**12. किस अन्तर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में थॉमस कप दिया जाता है?**

(A) फुटबॉल (B) क्रिकेट
(C) बैडमिंटन (D) टेनिस

**R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– थॉमस कप, सुदीरमन कप, सैय्यद मोदी कप, सेटेलाइट कप, इत्यादि बैडमिंटन की प्रमुख प्रतियोगिताएं हैं।

**13. एक बैडमिंटन कोर्ट की लंबाई कितनी होती है?**

(A) 85 फुट (B) 78 फुट
(C) 44 फुट (D) 46 फुट

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– एक बैडमिंटन कोर्ट की लंबाई 44 फुट (13.41 मी.) तथा चौड़ाई- 20 फुट (6.1 मी.) होती है। बॉस्केटबॉल कोर्ट की लम्बाई 85 फुट तथा टेनिस कोर्ट की लंबाई 78 फुट होती है।

**14. लगातार फार्मूला-1 रेस, 6 बार जीतने वाला व्यक्ति है-**

(A) माइकल शूमाकर (B) कार्तिकेयन
(C) गेराड रॉस (D) ग्रांड प्रिक्स

**R.R.B. सिकन्दराबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– जर्मनी के प्रसिद्ध फार्मूला कार रेसर माइकल शूमाकर ने फार्मूला-1 रेस लगातर 7 बार जीतने का रिकॉर्ड कायम किया है। नारायण कार्तिकेयन भारत के चर्चित कार रेसर हैं।

**15. नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट कहां है?**

(A) मुंबई (B) कोलकाता
(C) दिल्ली (D) पटियाला

**R.R.B. गोरखपुर (E.R.C./T.A./C.A./A.S.M.) परीक्षा, 2005**
**R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या– नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट पंजाब राज्य के पटियाला नगर में स्थित है। कोलकाता में क्रिकेट का ईडेन गार्डेंस स्टेडियम, मुम्बई में वानखेड़े, फिरोजशाह कोटला व तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में स्थित है। कोलकाता में टेस्ट क्रिकेट का सबसे बड़ा स्टेडियम ईडेन गार्डेन है।

**16. इनमें से कौन सबसे बड़ा स्टेडियम है?**

(A) वानखेड़े (मुम्बई)
(B) फिरोजशाह कोटला (दिल्ली)
(C) ईडेन गार्डेंस (कोलकाता)
(D) ग्रीन पार्क (कानपुर)

**R.R.B. रांची (T.A.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**17. 'ईडेन गार्डेन्स' स्टेडियम कहां पर स्थित है?**

(A) मुम्बई (B) चेन्नई
(C) बंगलौर (D) कोलकाता

**R.R.B. जम्मू (C.C.) परीक्षा, 2006**
**R.R.B. बंगलौर (T.C./C.C.) 'मुख्य' परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(D)**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. किसी टूर्नामेंट में 'वाक ओवर' का अर्थ होता है-**

(A) खेल न खेलने का निर्णय
(B) टूर्नामेंट के बीच कोई दण्ड
(C) प्राथमिक उपचार
(D) तलवारबाजी

**R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– किसी टूर्नामेंट के बीच में मैच न खेलने का निर्णय 'वाक ओवर' कहलाता है।

**19. बैडमिंटन के कॉर्क का वजन होता है-**

(A) 4.74 से 5.51 ग्राम (B) 4.74 से 6.51 ग्राम
(C) 7.74 से 8.51 ग्राम (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. गुवाहाटी (T.A.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– 'अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन संघ' (IDF) के मानकों के अनुसार बैडमिंटन के शटल का वजन 4.74 से 5.50 ग्राम होता है। बैडमिंटन के कोर्ट का आकार 13.40 मी. लम्बा एवं 6.1 मी. चौड़ा (आयताकार) होता है। सिंगल्स खेलने के लिए कोर्ट 5.18 मी. चौड़ा होता है। बैडमिंटन की शटल हंस के पंखों से बनी होती है, जिसमें 16 पंखुड़ियां होती हैं।

**20. प्रकृति और इसके शुभंकर (Mascot) के लिए वर्ल्ड वाइड लाइफ फंड द्वारा कौन सा जानवर चुना गया है?**

(A) हाथी (B) चीता
(C) जाइंट पंडा (D) बिल्ली
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– वर्ल्ड वाइड लाइफ फण्ड (W.W.L.F.) द्वारा प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण के प्रतीक के रूप में 'जाइंट पंडा' नामक जानवर को शुभंकर चुना गया है। बाघ (Tiger) भारत का राष्ट्रीय पशु है। इसके संरक्षण के लिए 1972 से 'प्रोजेक्ट टाइगर' नामक योजना चलाई गई है।

**21. जीव मिल्खा सिंह किस खेल से सम्बन्धित हैं?**

(A) गोल्फ (B) एथलेटिक्स
(C) कुश्ती (D) हॉकी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2001**

**उत्तर–(A)**

व्याख्या– जीव मिल्खा सिंह भारत के प्रसिद्ध गोल्फ खिलाड़ी हैं। विजय सिंह, ज्योति रंधवा, मुकेश कुमार, टाइगर वुड्स आदि गोल्फ के अन्य चर्चित खिलाड़ी हैं।

**22. निम्न में से किसके नाम महिला पोल वोल्ट का विश्व रिकॉर्ड अंकित है ?**

(A) मारिया शारापोवा (B) येलेना इसानबायेवा
(C) इरीना बॉलीकीनिया (D) इनमें से कोई नहीं

**R.R.B. सिकन्दराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– येलेना इसानबायेवा रूस की पोल वाल्टर हैं। इन्होंने 2004 के ओलम्पिक खेलों में नये विश्व रिकॉर्ड (4.91मी.) के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इनके नाम पर पोल वाल्ट के 20 से अधिक विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। वर्तमान में यह रिकॉर्ड 5.06 मीटर का है जो इन्हीं के नाम है।

**23. 'बंकर' शब्द नीचे दिये गये किस खेल से संबंधित हैं ?**

(A) बॉक्सिंग (B) गोल्फ
(C) शूटिंग (D) कराटे

**D.M.R.C. (स्टेशन प्रबंधक) परीक्षा, 2005**

**उत्तर–(B)**

व्याख्या– बंकर (Bunker) यह गोल्फ कोर्स (मैदान) का रंगा हुआ क्षेत्र होता है, जो बालू की गहरी पर्त से ढका होता है।

**24. वाटर पोलो के खेल में प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या होती है-**

(A) 11 (B) 9
(C) 7 (D) 3

**R.R.B. अजमेर (G.G.) परीक्षा, 2006**
**R.R.B. अजमेर (A.S.M.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(C)**

व्याख्या– वाटर पोलो एक जलीय टीम स्पर्धा है, जिसको वर्णित किया जा सकता है, तैराकी, फुटबाल बास्केटबाल, रग्बी और कुश्ती के संयोजन के रूप में। यह एक आयताकार 'पूल' में दो टीमों के बीच खेला जाता है। दोनों टीमों में 13-13 खिलाड़ी होते हैं, जिनमें से 6 स्थानापन्न खिलाड़ी होते हैं। अर्थात खेल में हर वक्त 7 खिलाड़ी होते हैं जिनमें एक गोलकीपर तथा छः फील्ड खिलाड़ी होते हैं। ध्यातव्य है कि भारतीय शब्द 'पुलु' (Pulu) का आंग्ल उच्चारण पोलो है जिसका अर्थ- 'गेंद' होता है।

25. प्रक्षालन घासस्थली में कौन-सा खेल खेला जाता है ?
(A) बेसबाल (B) बॉस्केट बाल
(C) टेनिस (D) गोल्फ
R.R.B. सिकन्दराबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2005
उत्तर-(D)

व्याख्या- गोल्फ का खेल प्रक्षालित (ढालदार) घासस्थली में खेला जाता है जिससे गेंद ढालदार ग्रीन (Green) से होते हुए होल (Hole) या कप में जा सके।

26. वालीबाल टीम में एक पक्ष में कितने खिलाड़ी होते हैं ?
(A) सात (B) नौ
(C) पाँच (D) छः
R.R.B. बंगलौर (G.G.) परीक्षा, 2006
उत्तर-(D)

व्याख्या- वालीबाल एक ओलम्पिक खेल है, जो दो टीमों के मध्य जाल (Nets) बांधकर खेला जाता है। खिलाड़ी को मुख्यतया अपने हाथों और कभी-कभी शरीर के दूसरे हिस्सों से बाल को जाल के दूसरी तरफ फेंकना होता है। प्रत्येक टीम में छः- खिलाड़ी होते हैं, तीन आगे की ओर तथा तीन पीछे। प्रत्येक टीम को बाल को दूसरी तरफ फेंकने के लिए एक बार में बाल को तीन बार हिट (Hits) करने का मौका दिया जाता है।

27. निम्नलिखित में से कौन सही युग्म नहीं है ?
(A) रंगास्वामी कप-हॉकी (B) देवधर ट्रॉफी-क्रिकेट
(C) रोवर्स कप-फुटबाल (D) फेडरेशन कप-बैडमिंटन
R.R.B. जम्मू (A.S.M.) परीक्षा, 2005
उत्तर-(D)

व्याख्या- रंगास्वामी कप हॉकी से, देवधर ट्रॉफी क्रिकेट से तथा रोवर्स कप एवं फेडरेशन कप फुटबाल से संबंधित है। अतः युग्म (D) गलत है। बैडमिंटन से संबंधित प्रमुख कप एवं ट्रॉफियां ऑल इंग्लैण्ड चैम्पियनशिप, थॉमस कप, उबेर कप, विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप, सुदीरमन कप तथा बिमन्तरा कप आदि हैं।

28. 'बुल्स आई' किस खेल से संबंधित है ?
(A) बैलों की लड़ाई (B) निशानेबाजी से
(C) लॉन टेनिस से (D) क्रिकेट से
R.R.B. रांची (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2005
उत्तर-(B)

व्याख्या- 'बुल्स आई' (Bulls eye) निशानेबाजी से संबंधित प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ी एक निश्चित दूरी पर स्थित कागज से बने लक्ष्य को एक निश्चित समय के अन्दर पिस्टल से भेदित (Shoot) करते हैं। इसमें सूक्ष्मता और सटीकता का महत्त्व होता है।

29. 'थॉमस कप' किस खेल से संबंधित है ?
(A) वालीबाल (B) हॉकी
(C) बैडमिंटन (D) बास्केटबाल
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2005
उत्तर-(C)

व्याख्या- 'थॉमस कप' पुरुषों के लिए बैडमिंटन की अंतर्राष्ट्रीय टीम स्पर्धा है, जिसका आयोजन प्रत्येक दो वर्ष पश्चात होता है। प्रथम थॉमस कप का आयोजन 1948-49 में क्वीन्स हाल, प्रिस्टन में हुआ था।

30. वानखेड़े स्टेडियम कहां स्थित है?
(A) चंडीगढ़ (B) बंगलौर
(C) मुम्बई (D) चेन्नई
R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008
उत्तर-(C)

व्याख्या- वानखेड़े स्टेडियम मुम्बई में स्थित है। 2011 के क्रिकेट विश्व कप का फाइनल यहीं पर आयोजित हुआ।

31. 34वां राष्ट्रीय खेल किस राज्य में होगा?
(A) प. बंगाल (B) झारखण्ड
(C) बिहार (D) आंध्र प्रदेश
R.R.C. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007
उत्तर-(B)

व्याख्या- 34वां राष्ट्रीय खेल झारखण्ड में आयोजित किया गया।

32. झारखण्ड में 2008 में आयोजित किए जाने वाले 34वें राष्ट्रीय खेलों के लिए शुभंकर है-
(A) शेरू (B) रूपा
(C) छउवा (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008
उत्तर-(C)

व्याख्या- 34वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर छउवा (Chhaua) बारहसिंगा का बच्चा है।

33. 'सुमनबाला' किस खेल से सम्बन्धित हैं?
(A) महिला क्रिकेट (B) महिला हॉकी
(C) शतरंज (D) भारोत्तोलन
R.R.B. मालदा (T.A./C.A.) परीक्षा, 2007
उत्तर-(B)

व्याख्या- सुमनबाला भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य हैं। 2002 के राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी का स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में यह शामिल थीं।

34. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में तेनजिंग नोर्गे ने स्वयं को विख्यात किया?
(A) साइक्लिंग (B) पर्वतारोहण
(C) हॉकी (D) बॉक्सिंग
R.R.B. जम्मू (C.C.) परीक्षा, 2006
उत्तर-(B)

व्याख्या- तेनजिंग नोर्गे प्रसिद्ध पर्वतारोही हैं।

35. चौथा विश्व सैन्य खेल किस देश में 14 से 21 अक्टूबर, 2007 तक आयोजित होंगे?
(A) कोरिया (B) पाकिस्तान
(C) भारत (D) चीन
R.R.B. इलाहाबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007
उत्तर-(C)

व्याख्या- प्रत्येक 4 वर्ष पर आयोजित होने वाले सैन्य विश्व खेलों (Military World Games) का चतुर्थ संस्करण आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में 14 से 21 अक्टूबर, 2007 के मध्य सम्पन्न हुआ।

36. यूरोप के खेल का मैदान निम्न में से किसे कहा जाता है?
(A) बेल्जियम (B) स्विट्जरलैण्ड
(C) इंग्लैण्ड (D) बाल्कन
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(B)

व्याख्या- स्विट्जरलैण्ड, विश्व के अमीर देशों में से एक है। इसे यूरोप का क्रीड़ास्थल, यूरोप का हृदय, यूरोप का स्वर्ग आदि उपनामों से भी जाना जाता है।

37. पंकज आडवाणी किससे जुड़े हैं?
(A) स्नूकर (B) गोल्फ
(C) शूटिंग (D) तीरंदाजी
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2006

उत्तर-(A)

व्याख्या- पंकज आडवाणी स्नूकर खिलाड़ी हैं।

38. डिकी डोल्मा सम्बन्धित है-
(A) क्रिकेट से (B) मुक्केबाजी से
(C) टेबिल टेनिस से (D) पर्वतारोहण से
R.R.B. महेन्द्रूघाट (T.C./C.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(D)

व्याख्या- 1974 में जन्मी डिकी डोल्मा (Dicky Dolma) विश्व की सबसे कम उम्र की पर्वतारोही हैं, जिन्होंने 19 वर्ष की आयु में 1993 में माउण्ट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता पाई।

39. सुमेलित कीजिए-
(a) स्टेफी ग्राफ i. क्रिकेट
(b) अनिल कुंबले ii. टेनिस
(c) गीत सेठी iii. शतरंज
(d) विश्वनाथन iv. बिलियर्ड्स

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | ii | i |

R.R.B. पटना (A.S.M./G.G.) परीक्षा, 2007

उत्तर-(B)

व्याख्या- सही सुमेल निम्नवत् है-

| | |
|---|---|
| स्टेफी ग्राफ | टेनिस |
| अनिल कुंबले | क्रिकेट |
| गीत सेठी | बिलियर्ड्स |
| विश्वनाथन आनन्द | शतरंज |

40. कॉलम I तथा कॉलम II को सुमेलित कीजिए-

| कॉलम I | कालम II |
|---|---|
| (a) बिलियर्ड्स | (i) विजय लक्ष्मी |
| (b) महिला शतरंज | (ii) अशोक शांडिल्य |
| (c) निशानेबाजी | (iii) आलोक कुमार |
| (d) स्नूकर | (iv) रित्विक भट्टाचार्य |
| | (v) जसपाल राणा |

सही उत्तर कोड क्रमांक है-

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(B)

व्याख्या- आलोक कुमार का संबंध स्नूकर से है, विजय लक्ष्मी का संबंध महिला शतरंज से है। ये भारत की पहली महिला ग्रैंड मास्टर हैं। निशानेबाजी से सम्बन्ध रखने वाले जसपाल राणा हैं तथा अशोक शांडिल्य बिलियर्ड्स से सम्बन्ध रखने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।

41. जसपाल राणा का नाम निम्नलिखित खेलों में से किस खेल से सम्बन्धित है?
(A) मुक्केबाजी (B) निशानेबाजी
(C) तीरंदाजी (D) भारोत्तोलन
R.R.B. मालदा (T.C./C.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर-(B)

व्याख्या- जसपाल राणा भारतीय निशानेबाज हैं।

42. प्रस्तावित 'नेशनल टेनिस एकेडमी' कहाँ स्थापित की जाएगी?
(A) हैदराबाद (B) बंगलौर
(C) नोएडा (D) गुड़गांव
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2002

उत्तर-(D)

व्याख्या- लॉन टेनिस को भारत में बढ़ावा देने के लिए दिल्ली के निकट स्थित गुड़गांव में 'राष्ट्रीय टेनिस एकेडमी' की स्थापना की गई है।

43. ज्योति रंधावा किस खेल से सम्बद्ध है?
(A) गोल्फ (B) बैडमिन्टन
(C) कुश्ती (D) टेनिस
R.R.B. गोरखपुर (A.S.M.) परीक्षा, 2009

उत्तर-(A)

व्याख्या-ज्योति रंधावा भारतीय गोल्फ खिलाड़ी है।

44. शब्द चकर किस खेल में प्रयोग किया जाता है?
(A) राइफल निशानेबाजी (B) घुड़सवारी
(C) कुश्ती (D) पोलो
R.R.B. चंडीगढ़ (Stenographer) परीक्षा, 2008

उत्तर-(D)

व्याख्या–पोलो के खेल में 6-6 मिनट के चार भाग (Periods) होते हैं, जिन्हें चकर (Chukkers) कहते हैं।

45. भारतीय ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष हैं–
(A) शशांक मनोहर (B) सुरेश कलमाड़ी
(C) सुरेश पचौरी (D) इनमें से कोई नहीं
R.R.B. गोरखपुर (T.C.) परीक्षा, 2008

उत्तर–(B)

व्याख्या–प्रश्नकाल में भारतीय ओलम्पिक संघ (IOA) के अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी थे। वर्तमान में इसके अध्यक्ष नारायण रामचंद्रन हैं।

46. निम्नलिखित में से किस खेल का सम्बन्ध 'नॉक आउट' से है?
(A) फुटबॉल (B) बास्केटबॉल
(C) क्रिकेट (D) बाक्सिंग
R.R.B. इलाहाबाद (J.C.) परीक्षा, 2009

उत्तर–(D)

व्याख्या–'नॉक आउट' शब्द मुक्केबाजी (Boxing) से सम्बन्धित है।

47. एक खिलाड़ी स्नूकर के खेल में खेल के एक प्रयास में ही अधिकतम कितने अंक प्राप्त कर सकता है?
(A) 145 (B) 147
(C) 150 (D) 153
R.R.B. जम्मू-श्रीनगर (Stenographer) परीक्षा, 2012
R.R.B. कोलकाता (A.S.M) परीक्षा, 2010

उत्तर–(B)

व्याख्या–स्नूकर में पारंपरिक अधिकतम ब्रेक प्वॉइंट 147 है। सभी लाल रंगों की बालों को काले से फिर सभी रंगों की बालों को निशाना लगाकर बिलियर्ड्स मेज की पॉकेट में डालते हैं, जिससे 147 अंक प्राप्त होते हैं। इसे अक्सर '147' या 'अधिकतम' के रूप में जाना जाता है।

48. जनवरी, 2010 में नीदरलैण्ड्स में संपन्न इंटरशूट शूटिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं का स्वर्ण पदक किसने जीता?
(A) अवनीत कौर (B) विद्या पिल्लई
(C) सूमा शिरूर (D) सूमा दीक्षित
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2010

उत्तर–(C)

व्याख्या–जनवरी, 2010 में नीदरलैण्ड्स में संपन्न इंटरशूट शूटिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं का स्वर्ण पदक सूमा शिरूर (Suma Shirur) ने जीता था।

49. सितंबर, 2009 में 45वीं विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई?
(A) तुर्की (B) दक्षिण कोरिया
(C) जापान (D) अमेरिका
R.R.B. इलाहाबाद (A.S.M.) परीक्षा, 2010

उत्तर–(B)

व्याख्या– सितंबर, 2009 में 45वीं विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप दक्षिण कोरिया में आयोजित की गई थी।

50. 'सांड की लड़ाई' (Bull Fight) किस देश का राष्ट्रीय खेल है?
(A) कनाडा (B) चिली
(C) स्पेन (D) चीन
R.R.B. मुंबई, भोपाल (A.S.M.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(C)

व्याख्या– सांड़ की लड़ाई स्पेन का अत्यधिक चर्चित खेल है, जिसमें एक व्यक्ति सांड़ से लड़ता है।

51. शब्द 'Butter fly Strock' का सम्बन्ध है
(A) कबड्डी से (B) तैराकी से
(C) मुक्केबाजी से (D) कुश्ती से
R.R.B. मुंबई, भोपाल (G.G.) परीक्षा, 2003

उत्तर–(B)

व्याख्या– ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटर फ्लाई, स्ट्रोक क्राल, फ्रीस्टाइल, रिले, फ्रन्ट क्राल स्ट्रोक, फॉरवर्ड स्ट्रोक आदि तैराकी से सम्बन्धित शब्द हैं।

52. 'ब्रेस्ट स्ट्रोक' पद सम्बन्धित है–
(A) तैराकी से (B) मुक्केबाजी से
(C) फुटबॉल से (D) कबड्डी से
R.R.B. भोपाल (Tr. Clerk) परीक्षा, 2003

उत्तर–(A)

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

53. बटर फ्लाई शब्द सम्बन्धित है-
(A) बॉस्केटबाल (B) स्नूकर
(C) तैराकी (D) नौकायन
R.R.B. गोरखपुर (E.R.C./C.A./T.A./A.S.M.) परीक्षा, 2005
R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2004
R.R.B. गोरखपुर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2004
R.R.B. इलाहाबाद (E.C.R.C.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

54. निम्न में से कौन फॉर्मूला-1 कार रेसिंग से संबद्ध नहीं है?
(A) आर्थटन सीना (B) माइकल शूमाकर
(C) पीट सम्प्रास (D) नारायण कार्तिकेयन
R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2007

उत्तर–(C)

व्याख्या– पीट सम्प्रास टेनिस खिलाड़ी हैं।

55. हाल ही में राष्ट्रीय खेल कहां खेले गए?
(A) दिल्ली (B) मुम्बई
(C) चेन्नई (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
R.R.B. जम्मू (J.C.) परीक्षा, 2001

उत्तर–(D)

व्याख्या– 32वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन आंध्र प्रदेश के हैदराबाद तथा विशाखापत्तनम में 2002 में किया गया था। 33वें राष्ट्रीय खेल गुवाहाटी (असम) में 2007 में आयोजित किये गये। 34वां राष्ट्रीय खेल 2011 में रांची (झारखंड) में खेला गया। 35वें राष्ट्रीय खेल वर्ष 2014 में केरल में प्रस्तावित है।